

छत्तीसगढ़ में रोज अनेक लोग हो रहे शिकार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में रोजाना सैकड़ों लोग आवारा कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल में पूरे प्रदेश में करीब 1 लाख 19 हजार 928 लोगों को कुत्तों ने काटा। अकेले रायपुर जिले में पिछले तीन वर्षों में 51,730 डॉग बाइट ▸▸ शेष पेज 6 पर

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 9 सितंबर 2026

तीन शहर, तीन साल...आवारा कुत्तों ने 75 हजार को किया लहूलुहान, अब पोर्टल में बनेगी कुंडली

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जिले में तीन साल में 75 हजार डॉग बाइट के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में आवारा कुत्ते रोजाना कई लोगों पर हमला कर रहे हैं और इनके काटने से लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा हो रहा है। हालत ये है कि पिछले तीन साल में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले में करीब 75 हजार लोग कुत्तों के हमलों से लहूलुहान हुए हैं। अब इन आवारा कुत्तों पर नकेल लगने की ▸▸ शेष पेज 6 पर

ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के सभी नगर निगम, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को भारत सरकार ▸▸ शेष पेज 6 पर

आवारा कुत्तों का बनेगा डिजिटल रिकार्ड

इसके अलावा शहरों में घूम रहे आवारा पशुओं और आवारा कुत्तों का पंजीयन पोर्टल पर अधिकृत वेरिफायर के माध्यम से कराया जाएगा। इससे प्रत्येक पशु का ▸▸ शेष पेज 6 पर

अब शहरों में होगा ये काम

निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी नगरीय निकाय अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का भारत पशुधन पोर्टल पर मैपिंग कराएंगे। इसके लिए संबंधित जिला पशु चिकित्सक के साथ समन्वय स्थापित ▸▸ शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी का युवाओं से संवाद

बोले प्रधानमंत्री- 'झूठ की गूंज' से जेन-जी नहीं होंगे गुमराह

एजेंसी ▸▸| वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जेन-जी से संवाद किया। कार्यक्रम में करीब 6 हजार युवा शामिल हुए। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की। गुजरात के वडोदरा में 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम पर भी तंज कसते हुए कहा कि युवा सच्चाई के साथ खड़े रहेंगे और 'झूठ की गूंज' से गुमराह नहीं होंगे।

वडोदरा में मोदी ने युवाओं से किया संवाद विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में करीब 35 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। एमएस यूनिवर्सिटी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आधुनिक बुनियादी ढांचे, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीक को विकसित भारत की यात्रा का अहम आधार बताया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही कहा कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

वडोदरा में 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम

नए अंदाज में पहुंचे पीएम

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर वी आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले प्रधानमंत्री रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना 'वी विल रॉक यू' बजाया गया। इसके बाद 'धुरंधर' का गाना 'आरी आरी' भी बजा।

युवाओं के लिए एआई में दक्ष होना जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को लेकर कहा कि भारत की आने वाली पीढ़ी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दक्ष बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एआई में विशेषज्ञता की जरूरत केवल आईटी सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका इस्तेमाल कृषि, स्वास्थ्य, विनिर्माण और रोबोटिक्स सहित कई क्षेत्रों में किया जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो एआई को सिर्फ एक तकनीक के तौर पर नहीं, बल्कि अलग-अलग उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले प्रभावी साधन के रूप में समझें।

मानसिक तनाव में थे राकेश

दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव मेहता फंदे से लटके मिले

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव और 1975 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी

राकेश मेहता ने सुसाइड कर लिया। 75 वर्षीय राकेश मेहता का शव नोएडा के सेक्टर-82 स्थित केंद्र विहार-2 सोसायटी के उनके फ्लैट में फंदे से लटका मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। शुरुआती जानकारी के ▸▸ शेष पेज 6 पर

3 दशक से ज्यादा रहा प्रशासनिक करियर

राकेश मेहता का प्रशासनिक करियर तीन दशक से भी ज्यादा लंबा रहा। उन्होंने दिल्ली सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। 2007 में उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव का पद संभाला था और नवंबर 2010 में सेवानिवृत्त हुए। 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान भी उन्होंने प्रशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली थीं।

राहुल गांधी भी थे सवार

दिल्ली से लखनऊ जा रही फ्लाइट की दूसरी बार में हो पाई लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली से आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1717 को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग से ठीक पहले गो-अराउंड करना पड़ा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इसी फ्लाइट में सवार थे। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट लैंडिंग के बिल्कुल करीब थी, तभी अचानक तेज झटका लगा और जहाज दोबारा ऊपर उठने लगा। इससे यात्रियों ▸▸ शेष पेज 6 पर

क्या है गो-अराउंड

दरअसल, एविएशन सेक्टर में गो-अराउंड एक सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया है। जब पायलट को लगता है कि मौजूदा अप्रोच से सुरक्षित लैंडिंग संभव नहीं है, तो वो लैंडिंग रद्द कर देते हैं और विमान को वापस ऊंचाई पर ले आते हैं। इसके बाद लैंडिंग एक नए अप्रोच के माध्यम से की जाती है।

सीएम साय ने कहा- छात्राओं को समस्याएं बताने पैदल निकलना पड़े, ठीक नहीं

20 किमी पैदल चलीं छात्राएं, प्राचार्य को हटाया, वार्डन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर/अंबिकापुर

सरगुजा जिले के शिवपुर स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्राओं के अपनी समस्याओं को लेकर पैदल कलेक्टोरेट जाने के लिए निकलने की घटना को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गंभीरता से लिया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य को हटा दिया गया है, वार्डन को नोटिस दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत से फोन पर चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी ली और विद्यालय की व्यवस्थाओं को ▸▸ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री साय की सख्ती के बाद जिला प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

जांच कर जिम्मेदारी तय करें

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को पूरे प्रकरण की जांच कराने, जिम्मेदारी तय करने और लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, आदिवासी अंचलों के आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और ▸▸ शेष पेज 6 पर

अंधेरे में एकलव्य विद्यालय...कलेक्टर से मिलने 20 किमी पैदल चलीं छात्राएं

हरिभूमि फॉलोअप

बिजली, पढ़ाई और मेस की व्यवस्था तत्काल सुधारें

मुख्यमंत्री ने छात्राओं द्वारा उठाई गई समस्याओं का तत्काल निराकरण करने को कहा। इनमें बिजली व्यवस्था, शिक्षकों की कमी, नियमित पढ़ाई, मेस और साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, ▸▸ शेष पेज 6 पर

नियमित समीक्षा और निरीक्षण होगा

मुख्यमंत्री ने आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा तथा अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, छात्रावास में रहने वाले बच्चों को अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन तक पहुंचने के लिए इस तरह की स्थिति का सामना दोबारा नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की समस्याओं और जरूरतों की जानकारी लेना तथा उनका समयबद्ध समाधान करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

पर्यटन को अब नई पहचान देने निवेश, रोजगार और डिजिटल सुविधाओं पर जोर, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताईं विभाग की उपलब्धियां

ऋणमुक्त हुआ पर्यटन विभाग, दो साल में 231.75 करोड़ का राजस्व 18 रिसॉर्ट्स के लीज पर जाने से 500 करोड़ निवेश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निवेश, स्थानीय रोजगार, डिजिटल सुविधाओं और प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी निवेश, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन, होमस्टे, स्थानीय रोजगार और डिजिटल सेवाओं के विस्तार पर काम किया जा रहा है। पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिलने के बाद निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए इन्वेस्टर मीट और इन्वेस्टर कनेक्ट जैसी पहल की गई हैं। पिछले

लगभग ढाई वर्षों में फिल्म सिटी निर्माण के लिए 203 करोड़ 53 लाख के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। फिल्मसिटी और कन्वेंशन सेंटर परियोजना का अनुमानित आकार करीब 350 करोड़ है। बीते दो वर्षों में 55 देशों के विदेशी पर्यटन प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे हैं और वे लोकल होमस्टे में रुके थे।

पंजीयन से बढ़ा पर्यटन कारोबार

पर्यटन व्यवसाय के औपचारिक पंजीकरण में भी बढ़ोतरी हुई है। जानकारी के अनुसार, जनवरी 2024 में 30 टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट पंजीकृत थे, जो 2026 तक बढ़कर 383 से अधिक हो गए। इसके अलावा 26 होटल छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड में पंजीकृत हैं, जबकि 28 से अधिक प्रक्रियाधीन हैं। होमस्टे नीति 2025-30 के तहत 27 होमस्टे पंजीकृत हैं और 65 लाभार्थियों की पहचान की गई है। इनमें कुल 278 कमरे शामिल हैं। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के तहत आईआरसीटीसी के सहयोग से अब तक 61 ट्रेनों का संचालन किया गया है। इससे 51,850 तीर्थयात्रियों को दर्शन की सुविधा मिली। वहीं भोरमदेव मंदिर कॉरिडोर के विकास के लिए भारत सरकार से 145 करोड़ 99 लाख की स्वीकृति मिली है। मयाली-बगीचा में 3 स्थलों के लिए 10 करोड़ मंजूर किए गए हैं।

पर्यटन सेवाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिए नई वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। ऑनलाइन बुकिंग से अब तक 26.48 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त वर्ष 2024-2026 में कुल 231.75 करोड़ राजस्व प्राप्त होने की जानकारी भी दी गई है। पर्यटन विभाग की डिजिटल पहल का उद्देश्य ऑनलाइन बुकिंग, पर्यटन संबंधी सूचना और सेवाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराना है।पर्यटन क्षेत्र में युवाओं के लिए कौशल विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। पर्यटक गाइड, आतिथ्य, फिल्म निर्माण, पर्यटन संचालन और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर कम से कम 500 स्थानीय युवाओं को पर्यटन आधारित रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पर्यटन बोर्ड की 18 संपत्तियों को निजी क्षेत्र की भागीदारी से विकसित करने की योजना है, जिसमें करीब 500 करोड़ निवेश और 500 से 1,000 रोजगार की संभावना बताई गई है।

मानसून समाप्त होने से पहले सीमेंट कंपनियों ने कर दिया बड़ा खेल

नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 60 रुपए बढ़े, दस हजार करोड़ के सरकारी निर्माण कार्यों पर होगा असर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मानसून के समय सीमेंट के दाम बढ़ाने का काम हमेशा से ही सीमेंट कंपनियां करती हैं। इस बार कंपनियों ने मानसून के समाप्त होने के ठीक पहले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम दो बार में 60 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसा होने से प्रदेश में चल रही दस हजार करोड़ की सरकारी योजनाओं पर बड़ा असर पड़ेगा। यही नहीं गरीबों के लिए बन रहे पीएम आवास की लागत भी अब बढ़ जाएगी। नॉन ट्रेड के बाद खुले बाजार के सीमेंट के दाम भी 20 रुपए बढ़ाने की तैयारी है।

सीमेंट का उत्पादन करने में छत्तीसगढ़ भी देश के उत्पादक राज्यों में गिना जाता है। यहां पर बहुत ज्यादा सीमेंट का उत्पादन होता है। सीमेंट कंपनियों की हमेशा से दाम को लेकर मनमर्जी रही है। प्रदेश सरकार के कई बार कहने के बाद भी कंपनियां सरकार को जानकारी दिए बिना और कारण बताए बिना ही

सीमेंट के दाम बढ़ाने का काम करती है। बीते साल भी मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी सीमेंट के दाम बढ़ाए गए थे, एक बार कंपनियों ने फिर से इस साल भी यही किया है।

प्रदेश में इस समय दस हजार करोड़ से ज्यादा के भवनों की योजनाओं के साथ कंक्रीट सड़कों का काम चल रहा है। हालांकि इस समय ज्यादातर योजनाओं का काम बारिश के कारण लगभग बंद है लेकिन अब मानसून के समाप्त होने के बाद योजनाओं के काम में इस माह से तेजी आएगी। इसके पहले की योजनाओं के काम फिर से प्रारंभ होते सीमेंट कंपनियों ने पहले 24 अगस्त को नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए और एक दिन पहले फिर से 20 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसा होने से योजनाओं के काम की लागत बढ़ जाएगी। इस समय सबसे बड़ी योजनाओं में नवा रायपुर में राजभवन के निर्माण के साथ ही एनआरडीए की कई योजनाओं में सात से आठ सौ करोड़ के काम चल रहे हैं। अंबेडकर अस्पताल में भी चार बड़ी बिल्डिंग बनाने का काम चल रहा है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज की दो हजार करोड़ की योजना पर भी काम चल रहा है। इसके अलावा प्रदेश भर में करोड़ों रुपए की पीएम आवास योजना का काम भी चल रहा है। इसके अलावा कई हजार करोड़ के कंक्रीट की सड़कों का भी काम भी चल रहा है। इन सारी योजनाओं में लागत बढ़ जाएगी। सरकारी योजनाओं में जहां पीपीसी सीमेंट का उपयोग होता है, वहीं कई योजनाओं में ओपीसी सीमेंट का भी उपयोग होता है। ओपीसी सीमेंट के दाम पहले 270 रुपए थे, इसको 360 रुपए कर दिया गया है। ओपीसी सीमेंट में फ्लाईएश नहीं मिलाया जाता है, जबकि पीपीसी सीमेंट में फ्लाईएश मिला रहता है। ओपीसी सीमेंट का उपयोग बड़ी इमारतें, फ्लाईओवर, बड़े पुल के निर्माण में किया जाता है। नॉन ट्रेड के बाद अब सीमेंट कंपनियां खुले बाजार के सीमेंट के दाम भी 20 रुपए बढ़ाने की तैयारी में हैं। इस समय खुले बाजार का सीमेंट 230 से 270 रुपए थोक में और 240 से 280 रुपए चिल्हर में मिल रहा है। बाजार में सीमेंट की बिलकुल डिमांड नहीं है, क्योंकि इस समय बारिश के कारण गिनती के ही जरूरी काम चल रहे हैं।

दाम बढ़ने के लागत बढ़ेगी

नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 60 रुपए बढ़ाए गए हैं। यह 30 फीसदी है। ऐसा होने से हर सरकारी योजना में लागत बढ़ जाएगी। ऐसा होने से ठेकेदारों को नुकसान होगा।

रूपेश सिंघल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शाखा, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया

राप्रसे के तीन अफसरों को आईएएस बनाने डीपीसी

यूपीएससी की डीपीसी में शामिल हुए मुख्य सचिव और जीएडी सचिव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के 2013 बैच के तीन अधिकारियों का भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत होने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग में हुई डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी की बैठक में तीन अधिकारियों को आईएएस अवार्ड करने पर सहमति बन गई है। डीपीसी में छत्तीसगढ़ के चीफ सेक्रेटरी विकासशील और सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यवाहक सचिव मुकेश बंसल भी दिल्ली पहुंचे थे। डीपीसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब फाइल केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजी जाएगी।

पांच पद रिक्त, डीपीसी तीन के लिए

छत्तीसगढ़ में राप्रसे कोटे से आईएएस बनने के पांच पद रिक्त हैं, लेकिन इस बार डीपीसी केवल तीन पदों के लिए हुई। दो पदों के मामलों में अधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के चलते उनके नामों के लिफाफे बंद रखे गए हैं। जानकारी के मुताबिक, सौम्या चौरसिया के खिलाफ लंबित मामलों के कारण उनका नाम पिछले दो मौकों पर भी सीलबंद लिफाफे में रखा गया था। जब तक संबंधित मामला स्पष्ट नहीं होता, उनके प्रमोशन पर फैसला नहीं होगा। इसी तरह पीएससी घोटाले में गिरफ्तार पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक का नाम भी सीलबंद लिफाफे में रखा गया है। वरिष्ठता क्रम के अनुसार इस बार अभिषेक अग्रवाल, सचिन भूतड़ा और राजीव पाण्डेय के नाम डीपीसी में शामिल रहे।

अगस्त में पूर्ण होना था 10वीं-12वीं का पंजीकरण, सैंपल पेपर भी गायब!

रायपुर। हर साल लाखों छात्र केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इन परीक्षाओं की तैयारियां आमतौर पर जुलाई-अगस्त से ही शुरू हो जाती हैं और इसी दौरान छात्रों के पंजीकरण समेत कई अहम प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाती हैं, लेकिन इस बार सीबीएसई प्रशासनिक संकट से गुजर रहा है, जिसका असर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ी चिंता 10वीं और 12 वीं कक्षा के छात्रों के पंजीकरण को लेकर है। अगस्त तक पूरी हो जाने वाली पंजीकरण प्रक्रिया सितंबर शुरू होने के बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते स्कूल प्रशासन के साथ-साथ छात्र और अभिभावक भी असमंजस में हैं। स्कूलों को यह स्पष्ट नहीं है कि पंजीकरण प्रक्रिया कब शुरू होगी। बोर्ड की ओर हर साल अगस्त में या सितंबर में सैंपल पेपर अपलोड कर दिए जाते रहे हैं लेकिन इस साल बोर्ड की ओर से सैंपल पेपर जारी नहीं किए गए हैं। इससे छात्र बोर्ड के पेपर के पैटर्न को समझने में देरी होने से तैयारी में दिक्कत हो रही है।

खबर संक्षेप

राजधानी की 40 प्रतिशत आबादी को बेहतर बिजली आपूर्ति करने वाला उपकेंद्र प्रारंभ

रायपुर। राजधानी रायपुर की 40 फीसदी आबादी को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए 220 केवी का नया उपकेंद्र मंगलवार को प्रारंभ किया गया। लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से दलदल सिवनी में यह बड़ा उपकेंद्र बनाया गया है, जहां से शहर की ढाई लाख से अधिक घरेलू, गैर-घरेलू तथा औद्योगिक मांग को पूरा किया जा सकेगा। इस बड़ी उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज के चेयरमैन सुबोध कुमार सिंह ने अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने इस उपकेंद्र का स्विच ऑन कर प्रारंभ किया। राजधानी का यह सब-स्टेशन इसलिए भी बहुत महत्व रखता है, क्योंकि कोरबा (मड़वा) से आने वाली बिजली को पहले 400 केवी की लाइनों के जरिए 400 केवी उपकेंद्र तक लाया जाता है। फिर इसे 220 केवी की लाइन व उपकेंद्र से 132 केवी की लाइन व उपकेंद्र पहुंचाया जाता है। इसके बाद डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 33 केवी और 11 केवी उपकेंद्रों से एलटी लाइनों के जरिए घरेलू उपभोक्ताओं बिजली पहुंचाई जाती है। इस उपकेंद्र से वर्तमान में 132 केवी की दो लाइनें कचना और उरला में सप्लाई के लिए निकाली गई हैं।

दैनिक जरूरतों के सामान में बढ़ती महंगाई से आम आदमी परेशान

रायपुर। बढ़ती महंगाई पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, दैनिक जरूरतों के सामान में बेतहाशा महंगाई तथा खाद्य तेल, शक्कर, प्याज के बढ़ते दाम आम आदमी को परेशान कर रहे हैं। राशन सामग्री के दाम दुगुने हो गए हैं, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा बढ़े बिजली बिल से जनता के घर का बजट बिगड़ गया है। 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा कर अच्छे दिन लाने वाले मोदी के शासनकाल में जनता बदतर दिनों में जीवन काटने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राखी त्योहार पर शक्कर एवं खाद तेलों की बढ़ती कीमतों ने त्योहार का मजा फीका कर दिया।

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा प्रत्येक स्कूल में छात्रों की संख्या और आरटीई के तहत सीटों का पूरा ब्योरा

बिलासपुर। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के. आर. महापात्र और जस्टिस संजय जायसवाल की डिवीजन बेंच ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले से जुड़े मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को शपथपत्र पेश कर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल में अध्ययनरत छात्रों की संख्या और आरटीई के तहत निर्धारित सीटों का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह जानकारी अगली सुनवाई के पहले प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर 2026 को होगी।

▪ स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को शपथपत्र पेश करना होगा

मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई के तहत रिक्त सीटों को भरने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर गौर किया था। राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने 10 जुलाई 2026 को स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक को भेजे गए पत्र की प्रति पेश की थी। पत्र का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आरटीई की खाली सीटों को अधिक से अधिक पात्र बच्चों से भरना था। सरकार की ओर से बताया गया था कि सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आरटीई नियमों के अनुसार निजी स्कूलों के आसपास रहने वाले अभिभावकों से पोर्टल के माध्यम से आवेदन मंगाने और जिले की सुविधा के अनुसार लॉटरी अथवा काउंसलिंग के जरिए बच्चों को प्रवेश देने की अनुमति दी गई है। यह पूरी प्रक्रिया 30 अगस्त से पहले पूरी करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कार्यक्रम जारी किया। इसमें 17 जुलाई 2026 से 27 अगस्त 2026 तक आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के नाम आरटीई पोर्टल पर दर्ज करने की समय-सीमा तय की गई थी। पिछली सुनवाई के दौरान इंटरवेनर विकास तिवारी ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा था कि प्रदेश में कुछ ऐसे अनरजिस्टर्ड अथवा अनरिकग्नाइज्ड स्कूलों को भी संचालित होने दिया जा रहा है, जबकि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 18 में ऐसे स्कूलों के संचालन पर रोक है। उन्होंने इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक आयोग, रायपुर के प्रमुख लोकायुक्त द्वारा 30 जून 2026 को पारित आदेश की प्रति कोर्ट के समक्ष रखी।

औद्योगिक संयंत्रों में प्रदूषण, शासन ने कहा- नियम बनाए जा रहे

बिलासपुर। औद्योगिक संयंत्रों में प्रदूषण से श्रमिकों के बीमार होने के मामले में हाईकोर्ट में शासन की ओर से बताया गया कि इस मुद्दे पर नियम बनाए जा रहे हैं। कोर्ट ने नियम बनने के बाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के थर्मल पॉवर उद्योगों में श्रमिकों के बीमार होने के मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। जनहित याचिकाएं भी दायर की गईं थीं। हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नरों को नियुक्त कर अलग अलग इलाके की रिपोर्ट मंगाई थी। कमिश्नरों ने अपनी जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण, सुरक्षा मानकों के पालन और श्रमिकों के इलाज की व्यवस्था की जरूरत बताई। पिछली सुनवाई में राज्य शासन की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता ने तर्क दिया था कि 37 विद्युत संयंत्र ऐसे हैं जिन्हें वर्तमान जनहित याचिका में पक्षकार-प्रतिवादी नहीं बनाया गया है। ऐसे विद्युत संयंत्रों की सूची की उनके द्वारा प्रस्तुत की गई। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि वह उपरोक्त 37 विद्युत संयंत्रों को पक्षकार बनाएं और कोर्ट कमिश्नर वहां भी जांच करें। हाईकोर्ट ने आईएएस अफसरों को अपने जिलों में औद्योगिक संयंत्रों का निरीक्षण कर प्रदूषण व स्वास्थ्य सुविधा पर अपनी रिपोर्ट न्यायमित्रों को देने के निर्देश दिए थे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शासन से कहा कि गरीब श्रमिकों की हालत बहुत खराब हैं। इनकी स्थिति को तत्काल सुधरने की जरूरत है।

जेल से निकलते ही ज्वेलरी शॉप से उड़ाए लाखों के चांदी के जेवर-सामग्री मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में एक ज्वेलर्स के यहां लाखों रुपए के चांदी के जेवरात, सिक्के और वस्तुओं की चोरी की घटना का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया। सराफा दुकान में चोरी करने वाला शातिर चोर निकला, जो कुछ दिनों पहले ही जेल से रिहा हुआ था। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने जेवरात और वस्तुओं को बेचने के लिए अपने एक साथी को दिया था। पुलिस ने उसके साथी और अन्य एक लड़के को भी गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए बताया, अजय मंडल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मलसाय तालाब के पास कुशालपुर में न्यू नंदी ज्वेलर्स शॉप है। इस दुकान में 31 अगस्त की रात चोरी हो गई। चोर दुकान का एक तरफ का ताला तोड़कर शटर उठाकर अंदर प्रवेश किया और जेवरात तथा सिक्के, कटोरी, चम्मच एवं गिलास चोरी कर ले गया। कुल चोरी गए सामग्री की कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में धारा 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर एंटी क्राइम साइबर एवं पुरानी बस्ती थाना की संयुक्त टीम बनाकर जांच शुरू कराई। इस दौरान सीसीटीवी फूटेज खंगालने के साथ ही पूर्व में चोरी के मामले में जेल से रिहा होने वाले लोगों पर निगरानी रखी। इस दौरान मुखबिर से पता चला कि कुछ दिनों पूर्व ही जेल से रिहा हुए संजय चौहान निवासी कबीर नगर को चोरी की वारदात वाली रात उसी दुकान के आसपास देखा गया था। पुलिस ने जब हिरासत में लेकर उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने ज्वेलर्स दुकान में चोरी करना कबूल किया। ज्वेलर्स दुकान में चोरी करने वाला संजय एक शातिर चोर है। पुलिस के अनुसार, आरोपी इससे पहले भी आधा दर्जन से अधिक चोरी के प्रकरणों में जेल जा चुका है। हाल ही में एक प्रकरण में वह जेल से रिहा हुआ था। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके पहले वह डीडीनगर, कोतवाली, गुढ़ियारी सहित अन्य थाना क्षेत्रों में चोरी, नकबजनी एवं आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है।

▪ कुशालपुर इलाके में स्थित ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail : ceciviltrans.raipur@cspc.co.in
Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/2180 Raipur, dtd:02.09.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
1. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/63, Rfx No.-8100048406, Construction of 2.40 M high boundary wall at 132 KV S/s Jaijaipur.; **NIT Value:-**Rs. 57.35 Lakhs **EMD:-** Rs. 57,400/, **Completion Period:- 08 Months**. **2. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/65, Rfx No.- 8100048553,** Construction of 2.4 m high boundary wall along with 02 Nos. main gate at 132 KV S/s Adbhar.; **NIT Value:-**Rs. 94.60 Lakhs **EMD:-** Rs. 94,700/, **Completion Period:-10 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 & 02 is Rs.5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 29.09.2026 for Sl. No.- 01; dt. 30.09.2026 for Sl. No.- 02.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal .

(Sanjay Tiwari)
CE (Civil) CSPTCL, Raipur
//Save Electricity//

CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY
CREDA
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 70002-51010 **E-mail:** credatendercell@gmail.com **Web:** www.creda.co.in

NIT Ref. No.7433/CREDA/Battery Bank/2026-27 Date: 07.09.2026

NOTICE INVITING TENDER

CREDA invites online tender for standardization of rates for Supply, Installation, and Commissioning of low maintenance lead acid (LMLA), T-gel & Lithium Ferro Phosphate (Lifepo4) batteries of different capacities with five years onsite warranty conforming to the BIS & MNRE standards anywhere in the state of Chhattisgarh from registered battery vendors (Manufacturer or Dealer/Distributor of Battery manufacturer) of CREDA having experience of supply of batteries with 3 years track record in the field of manufacturing and supply of batteries.

Inspection of Sample	:	**21.09.2026 at 12:00 PM**
Last date of submission of Online Bid	:	**28.09.2026 till 5:00 PM**
Opening of Online Bid	:	**01.10.2026 01:00 PM onwards**

Technical Bid and Price Bid shall be submitted online only at "https://gem.gov.in" Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly in the Gem Portal. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://gem.gov.in.)

Tender document with all terms and conditions is available at **www.creda.co.in** and at **https://gem.gov.in**

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all tenders in full/part without assigning any reasons.

Chief Engineer
CREDA

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

स्वस्थ पाचन।
स्वस्थ लिवर।
स्वस्थ जीवन।

निःशुल्क ओपीडी
हर बुधवार
केवल सितंबर माह के लिए

सामान्य आंत संबंधी लक्षण
पेट फूलना और गैस
एसिडिटी
कब्ज
पेट दर्द
मतली
खाना खाने के बाद भारीपन

डॉ. नादिया मुद्दीन
एमबीबीएस (JIPMER)
एमडी - आंतरिक चिकित्सा (PGI, चंडीगढ़)
डीएम - इंटरवेंशनल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी (SMS, जयपुर)
वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
11 वर्षों का अनुभव

आज ही करें अपॉइंटमेंट बुक 7880 110000

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.

बिलासपुर
बुधवार 9 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 26, अंक : 169
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 25.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 शानदार फॉर्म का कमाल, टॉप-5 में...

विचार पेज
2 कुटीर उद्योग बना अवैध शराब...

जहां शिक्षामंत्री का प्रवास, उसी इलाके के 599 स्कूलों का पावर कट, 41 लाख का बिल है बकाया

बकायेदार सरकारी संस्थाओं की बिजली कट करने के फैसले के बाद बिजली कंपनी ने ताड़बतोड़ कार्रवाई करते हुए मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी वनांचल क्षेत्र के 599 स्कूलों की बिजली गुल कर दी। इसका सीधा असर अध्यापन कार्य पर हो सकता है। खास बात यह है कि मंगलवार से ही शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव इस इलाके के प्रवास पर हैं और उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठकें भी की हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ऐसा बताया जा रहा है रहा है कि इन स्कूलों पर 41 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। जिन स्कूलों की बिजली काटी गई है, उनमें प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव अपने दो दिवसीय प्रवास पर मंगलवार से मोहला मानपुर अंबागढ़चौकी जिले के दौरे पर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने विभाग की समीक्षा बैठक ⏭ शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप

अब सरकारी दफ्तरों की बिजली भी कटेगी
रायपुर में 441 को नोटिस, धमतरी में रजिस्ट्री दफ्तर का पावर कट

आबंटन के बाद भी बकाया

जानकारी के मुताबिक सरकारी स्कूलों के संचालन भवन के रंगरोगन ,फर्नीचर आदि व्यवस्थाओं के लिए सरकार की तरफ से हर वर्ष भारी भरकम फंड उपलब्ध कराया जाता है, परंतु स्कूलों का बिजली बिल भी नहीं पटाया जा सका है।

इन सब स्टेशनों के द्वारा की गई कार्रवाई

विद्युत विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मोहला, मानपुर, अंबागढचौकी, कौड़ीकसा, दिघवाडी, गोटाटोला, डूमर टोला, खडगांव, सीता गांव,औधी,वासडी,चिल्हाटी बाधाबाजार वितरण केन्द्रों से सरकारी स्कूलों की बिजली सप्लाई रोक दी गई है।

एक साथ सैकड़ों स्कूलों की कटी बिजली

आंकड़ों के मुताबिक जिले में 909 प्राथमिक शालाएं, मिडिल स्कूल ,हाई स्कूल ,हायर सेकेंडरी स्कूल स्थापित हैं। इनमें से ज्यादातर का पावर कट किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू ने हरिभूमि से कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है आवंटन होने की स्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बिजली बिल का भुगतान किया जाएगा।

अधूरे पुल पर खुली आंख, पर काम आधा सीढ़ी की जगह सेंट्रिंग प्लेट, खतरा अब भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खबर का असर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा और खामभाठा के बीच पैरी नदी पर बरसों से अटके अधूरे पुल के ऊपर से जान पर खेलकर स्कूल जाते बच्चों की खबर छपने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। लोक निर्माण विभाग ने खबर को संज्ञान में लेते हुए चार महीने में पुल का काम पूरा करने का निर्देश ठेकेदार को दिया है। वहीं ठेकेदार ने पुल पर सेंट्रिंग लगाकर खतरा कम करने की कोशिश की है, लेकिन यहां से गुजरने वालों की दिक्कतें कम नहीं हुई है। जानकार बता रहे हैं कि दुर्घटना का ⏭ शेष पेज 6 पर

ग्रामीण नाराज

ग्राम पंचायत के सरपंच महेश दीवान, पूर्व सरपंच डिगेश्वरी सांडे, पवन दीवान, सोहन नागेश एवं ग्रामीणों ने कहा कि यह मामला सामने आने के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का रवैया आश्चर्यजनक है। उन्होंने ग्रामीणो को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

सिंगल सीढ़ी के बाद अब सेंट्रिंग प्लेट वाली सीढ़ी

बारिश में नदी में बाढ़ आने के कारण इस अधूरे पुल के किनारे लोहे की पतली सीढ़ी के सहारे बच्चे अधूरे पुल के ऊपर पहुंच रहे थे। फिर लकड़ी के गत्तों के सहारे आना जाना करने मजबूर थे। जबकि 20 फीट नीचे नदी बह रही है। ग्रामीण भी इसी तरह आना जाना कर रहे थे। इस खबर के प्रकाशन के बाद ⏭ शेष पेज 6 पर

क्या कहते हैं अफसर

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग ब्रिज के एसडीओ एस के पंडोले ने हरिभूमि को बताया कि उच्च अधिकारियों ने ठेकेदार को सख्त हिदायत दी है कि दिसम्बर तक पुल निर्माण पूरा किया जाए। साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

विधायक जनक ध्रुव बेहद नाराज

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव इस मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पूरा मामला सामने आने के बाद भी सरकार सोई हुई है और कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र के लोगों की चिंता किसी को नहीं है। जिले के अफसर भी अब तक अधूरे पुल को देखने नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीण कैसे आना जाना कर रहे हैं, इससे शासन प्रशासन को कोई लेना देना नहीं है।

मोदी-पुतिन बैठक का एजेंडा तय

भारत में नए परमाणु संयंत्र एसयू-57 पर बनेगी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर आने वाले हैं। यहां ब्रिक्स समिट से इतर वो पीएम मोदी के साथ 11 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इससे पहले, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को मीटिंग का एजेंडा बताते हुए कहा कि भारत में नए परमाणु संयंत्र स्थापित करने और एसयू-57 लड़ाकू विमान पर चर्चा होगी। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के अमेरिका के प्रस्तावित कदम पर कहा कि यह अवैध और अस्वीकार्य है।

- 11 सितंबर को भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति

एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

रूस ने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की बाकी डिलीवरी को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। क्रेमलिन ने कहा है कि भारत के साथ किए गए रक्षा समझौतों को पूरा किया जाएगा। एस-400 की बची हुई डिलीवरी भी इसी कमिटमेंट का हिस्सा है। बता दें भारत ने 2018 में रूस के साथ करीब 5.43 अरब डॉलर का समझौता किया था। इसके तहत भारत को पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे।

ब्रह्मोस को और ताकतवर बनाने की तैयारी

रूस ने ब्रह्मोस मिसाइल प्रोग्राम को लेकर भी बड़ा संकेत दिया है। पेसकोव ने कहा कि भारत और रूस को अब इस सिस्टम को और बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। दोनों देश ब्रह्मोस मिसाइल का संयुक्त उत्पादन करते हैं। रूस का मानना है कि इसमें नई क्षमताएं जोड़ी जा सकती हैं। इससे इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धा भी मजबूत हो सकती है। पेसकोव ने कहा कि भारत और रूस अब सिर्फ हथियार खरीदने और बेचने तक सीमित नहीं हैं। दोनों देश मिलकर रक्षा उपकरण बना रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

राहुल को झटका, रद्द नहीं होगा मानहानि मामला

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे मानहानि मामले को रद्द करने की अपील की थी। यह मामला 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को कमांडर-इन-थीफ कहने से जुड़ा है। अदालत ने कहा कि निचली अदालत का आदेश बिल्कुल सही था, इसलिए अब इस मामले में सुनवाई आगे बढ़ेगी। राहुल गांधी चाहें तो इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। इसके लिए उनके पास छह हफ्ते का वक्त है।

कोर्ट ने रखी शर्त, 5 करोड़ जमा करो, वरना जेल जाओ

नई दिल्ली। चेक बाउंस के मामले में बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर राजपाल यादव कल तक कोर्ट की रजिस्ट्री में 5 करोड़ रुपए जमा करा देते हैं, तो उन्हें फिलहाल जेल नहीं जाना पड़ेगा। कोर्ट ने एक्टर राजपाल यादव के सामने राहत पाने की एक सख्त शर्त रखी है। कोर्ट के निर्देशानुसार, यदि वह 9 सितंबर तक रजिस्ट्री में 5 करोड़ की राशि जमा करवा देते हैं, तो उन्हें हिरासत में नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल यादव की याचिका पर दूसरे पक्ष को नोटिस जारी कर उनका रुख मांगा है। अब इस पूरे मामले पर अगली सुनवाई 15 सितंबर को तय की गई है।

मुस्तांग जिले में 5.3 तीव्रता

विनाशकारी बाढ़ से तबाह नेपाल की धरती डोली

काठमांडू। अचानक आई विनाशकारी बाढ़ से तबाह नेपाल की धरती मंगलवार को फिर डोली। नेपाल के पश्चिमोत्तर हिस्से में स्थित मुस्तांग जिले में मंगलवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन काठमांडू और आसपास के रहवासी दहशत में आ गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र मुस्तांग जिले के लोमान्थांग में था, जो काठमांडू से 375 किलोमीटर पश्चिमोत्तर में स्थित है। भूकंप रात नौ बजकर 53 मिनट पर आया। भूकंप से तत्काल किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इसके झटके पड़ोसी मनांग, डोल्पा और म्याग्दी जिलों में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 143 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके के बाद अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है।

अब तक 1357 की मौत, 5326 लापता

बाढ़ से प्रभावित इलाकों से और शव बरामद किए जाने के बाद मंगलवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 1,357 हो गई। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि बचाव दल अब भी 5,326 लोगों की तलाश कर रहे हैं जबकि अब तक 13,583 लोगों को बचाया जा चुका है।

आश्रय शिविरों में करीब 3500 लोग

एनडीआरआरएमए के अनुसार, सोमवार तक रासुवा, नुवाकोट और धादिंग में सरकार द्वारा संचालित आश्रय शिविरों में करीब 3,500 लोग रह रहे थे। बाढ़ से बेघर हुए कई अन्य लोगों ने जहां भी जगह मिली, वहां शरण ली है, जिनमें स्कूल, मंदिर, मठ, खाली कार्यालय की इमारतें, सामुदायिक इमारतें और जंगलों में लगाए गए तंबू शामिल हैं।

कई जिलों के डीईओ बदले, पांडेय बिलासपुर, जायसवाल जांजगीर गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने जिला शिक्षा अधिकारियों के तबादले की सूची जारी कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने मंगलवार देर शाम तबादला आदेश जारी किया। जिला शिक्षा अधिकारियों के तबादले को लेकर पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी। अब विभाग ने आधिकारिक आदेश जारी कर इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कई जिला शिक्षा अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशासनिक जरूरतों और विभागीय कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है। तबादले के बाद संबंधित अधिकारियों को नए पदस्थापना स्थल पर जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी सूची में नाम

- 1. राजेश सिंह प्राचार्य प्रभारी उप संचालक संभागीय संयुक्त संचालक बिलासपुर से संभागीय संयुक्त संचालक संभाग सरगुजा के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त संचालक सरगुजा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं।
- 2. अश्वनी भारद्वाज प्राचार्य को प्रभारी उप संचालक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग सरगुजा से संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के पद पर पदस्थ करते हुए संभागीय संयुक्त संचालक संभाग बिलासपुर बनाया गया हैं।
- 3. एके सिन्हा प्राचार्य को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खिसौरा जिला जांजगीर-चांपा से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा बनाया गया हैं।
- 4. मनोहर प्रताप सिंह प्राचार्य को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खिसोरा जांजगीर चांपा से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा बनाया गया हैं।
- 5. जगजीत धीर प्राचार्य को सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से दुर्ग जिला का डीईओ बनाया गया हैं।
- 6. एलपी डहीरे प्राचार्य को डीईओ मुंगेली से सहायक संचालक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर।
- 7. डॉ मोहन लाल पटेल प्राचार्य को शा.उ.मा.वि राजेंद्र नगर जिला बिलासपुर से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली बनाया गया हैं।
- 8. रामेश्वर जायसवाल प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर से प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए जिला समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा।
- 9. उपेंद्र कुमार देवांगन प्राचार्य को शासकीय उ.मा. शाला विचारपुर अंबागढ़ चैकी से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ छुईखदान गंडई।
- 10. संदीप कुमार पांडे प्राचार्य को कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला कोरबा से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।
- 11. शिव कुमार गेंदले प्राचार्य को शा. उ.मा. शाला धरमपुर विकासखण्ड मुंगेली से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा।
- 12. पुरूषोत्तम लाल साहू प्राचार्य को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर मोहला मानपुर से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मोहला मानपुर।
- 13. योगदास साहू प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मोहला मानपुर से प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए प्राचार्य के पद पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ छुईखदान गंडई बनाया गया हैं।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में खराबी

300 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द लंदन में मची अफरा-तफरी

लंदन। ब्रिटेन में मंगलवार को हवाई यात्रियों को खासी मुसीबत का सामना करना पड़ा। यहां पर 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। ऐसा एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रोवाइडर नैट्स को हुई तकीनीकी समस्या चलते ऐसा हुआ। जानकारी के मुताबिक हीथ्रो, गैटविक, मैनचेस्टर और स्टैंस्टेड जैसे बड़े एयरपोर्ट पर कैंसिलेशन और देरी का असर देखने को मिला। नैट्स की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि हमने पता लगाया है कि समस्या हमारे फ्लाइट प्रोसेसिंग सिस्टम में थी। हमारे इंजीनियर साइट पर हैं और काम कर रहे हैं ताकि सामान्य संचालन जल्द से जल्द फिर से शुरू हो सके। हमें यात्रा में हो रहे लगातार व्यवधान का एहसास है। इसके लिए हम ईमानदारी से माफी चाहते हैं। बयान में आगे कहा गया कि फ्लाइट्स अभी भी रवाना हो रही हैं और हवाई क्षेत्र खुला है।

आयरलैंड तक असर

इस समस्या के चलते लंदन फ्लाइट क्षेत्र के सभी हवाई अड्डों पर आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर कड़े नियंत्रण लग गए हैं। लंदन लूटन और बर्मिंघम हवाई अड्डों में देरी या रद्द होने की खबरें मिलीं। साथ ही अबरडीन और ग्लासगो में भी ऐसी समस्या हुई है। वहीं, डबलिन हवाई अड्डे ने भी कहा कि कुछ आने और जाने वाली उड़ानों में देरी हो सकती है। ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि तकनीकी समस्या उनकी उड़ानों को प्रभावित कर रही है।

कायर कहलाने के बजाय मौत को गले लगाना पसंद करूंगा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने दहेज हत्या के एक मामले में सोमवार को मृत्युदंड का फैसला सुनाते हुए कहा कि वह कायर जज कहलाने के बजाय मौत को गले लगाना पसंद करेंगे।

- जज ने 4 महीने में 11 मामलों में 23 बार सुनाई मौत की सजा

पिछले चार माह में उनके द्वारा सुनाया गया यह 23वां मृत्युदंड है। दहेज की मांग को लेकर पत्नी को जिंदा जलाने के दोषी एक व्यक्ति को मृत्युदंड की सजा सुनाते हुए त्वरित अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि वह अपने न्यायिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए माफियाओं, गैंगस्टरों या अपराधियों के दबाव में नहीं आएंगे। न्यायाधीश दिवाकर ने कहा कि उनके माता-पिता ने उन्हें केवल ईश्वर से डरना सिखाया है। उन्होंने कहा कि यदि वह अपने न्यायिक कर्तव्यों का पालन करते हुए 'बाहुबलियों, माफियाओं, गैंगस्टरों या अपराधियों' से डर जाएंगे तो न्यायपालिका में जनता का विश्वास समाप्त हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र की मुहर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को मिले 3 नए जज, संतोष सुषमा और सुधीर का नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को 3 नए जज मिल गए हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को 3 ज्यूडिशियल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें संतोष शर्मा, सुषमा सावंत और सुधीर कुमार शामिल हैं। यह नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद की गई है। ध्यान रहे कि हाईकोर्ट में जजों की मंजूर संख्या 22 है, लेकिन अभी 11 जज हैं। अब यह संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 18 अगस्त 2026 को हुई बैठक में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के लिए तीन ज्यूडिशियल अफसरों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

इसमें सुषमा सावंत ने न्यायिक सेवा में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उन्होंने महासमुंद, बिलासपुर और राजनांदगांव में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी संभाली है। इसके अलावा वह छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशक, बिलासपुर कुटुंब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग में अतिरिक्त सचिव जैसे पदों पर भी रह चुकी हैं। वर्तमान में वह इसी विभाग में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत हैं। सुधीर कुमार ने कई जिला न्यायालयों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। वे रायपुर में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय और विशेष न्यायालय में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने बिलासपुर, जशपुर, कोरबा, महासमुंद, दंतेवाड़ा, धमतरी और दुर्ग समेत कई जिलों में न्यायिक सेवाएं दी हैं। इसके अलावा बिलासपुर और रायपुर में भी न्यायिक जिम्मेदारियां संभाली हैं। संतोष शर्मा मूल रूप से सीहोर, मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे कोरबा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बिलासपुर, ⏭ शेष पेज 6 पर

चिंतन

भारत में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों की बढ़ती जटिलता

भारत की आंतरिक सुरक्षा का चरित्र तेजी से बदल रहा है। कभी आतंकवाद का अर्थ था सीमा पार से घुसपैठ करते हथियारबंद लोग, कभी अलगाववादी संगठनों को मिलने वाली विदेशी फंडिंग और कभी पड़ोसी देशों की धरती से संचालित आतंकी शिविर। अब खतरा इससे कहीं अधिक जटिल हो चुका है। विदेशी नागरिक, स्थानीय उग्रवादी संगठन, आधुनिक तकनीक, ड्रोन, साइबर नेटवर्क और सीमापार अस्थिरता का गठजोड़ भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नए दौर के हाइब्रिड वॉरफेयर की ओर इशारा करता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ताजा कार्रवाई इसी बदलते सुरक्षा परिदृश्य को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एनआईए ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक व छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग म्यांमार के रास्ते मिजोरम सीमा से भारत में दाखिल हुए थे और बाद में देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गए। जांच एजेंसी ने इनके संबंध जातीय सशस्त्र समूहों से होने तथा भारत और म्यांमार में सक्रिय समूहों को सहायता एवं ड्रोन प्रशिक्षण देने की आशंका जताई है। दरअसल, इस पूरे मामले का महत्व सात विदेशी नागरिकों से कहीं बड़ा है। भारत के सामने आज सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक यह है कि बाहरी शक्तियां देश के भीतर मौजूद किसी असंतोष, जातीय तनाव या क्षेत्रीय संघर्ष को अपने हितों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकती हैं। इसे ही हाइब्रिड वॉरफेयर के संदर्भ में देखा जाता है। इसमें दुश्मन धन भेज सकता है, तकनीक उपलब्ध करा सकता है, प्रशिक्षण दे सकता है, सोशल मीडिया पर नैरेटिव खड़ा कर सकता है और स्थानीय संघर्ष को ऐसी क्षमता दे सकता है, जिससे वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाए। भारत के लिए पूर्वोत्तर इस लिहाज से विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। म्यांमार की राजनीतिक अस्थिरता का सीधा प्रभाव भारत की सुरक्षा पर पड़ता है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र में दशकों से सक्रिय विभिन्न जातीय और उग्रवादी समूहों का इतिहास रहा है। यही वह परिस्थितियां हैं, जिनका लाभ कोई बाहरी शक्ति उठाने की कोशिश कर सकती है। अब इसमें ड्रोन तकनीक भी जुड़ गई है। आज ड्रोन का इस्तेमाल हथियार और नशीले पदार्थ पहुंचाने, निगरानी करने और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। यदि किसी स्थानीय सशस्त्र संगठन को बाहरी विशेषज्ञ प्रशिक्षण या तकनीकी सहायता मिलने लगे तो उसका सुरक्षा प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन पहले ही भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौती बन चुके हैं। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हथियार और ड्रग्स पहुंचाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल ने यह साबित किया है कि सीमा पार आतंकवाद का मॉडल भी तकनीकी रूप से बदल रहा है। ऐसे में पूर्वोत्तर में किसी विदेशी नेटवर्क द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण दिए जाने की आशंका को भी उसी व्यापक तकनीकी बदलाव के संदर्भ में देखना होगा। चीन का संदर्भ भी यहां महत्वपूर्ण है। भारत और चीन के बीच प्रत्यक्ष सैन्य तनाव के अलावा रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र लगातार व्यापक हुआ है। यही कारण है कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को अब केवल गृह मंत्रालय या पुलिस का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह विदेश नीति, सीमा प्रबंधन, खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा, वित्तीय निगरानी और रक्षा नीति से सीधे जुड़ा विषय है। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है इंटेलिजेंस का एक ऐसा एकीकृत तंत्र जो सीमा के उस पार से लेकर भारत के भीतर सक्रिय अंतिम नेटवर्क तक पूरी कड़ी को जोड़ सके।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव

कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

> जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ढहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है।

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायनों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें बकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है।

एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में शराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई।

शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस अबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं।

नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुष्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं ? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, ओमकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से

शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई हैं। देशी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथास्थिति बनाए रखी है। नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोष प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद्, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं। शराबबंदी को लेकर अकसर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे? ये चुनौतियां अपनी जगह वाजिब हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। 'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआबजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं।

ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चौपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए बाइपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया। साफ है, शराब की नीतियां शराब कारोबारियों के हित दृष्टिगत रखते हुए बनाई जा रही हैं। यह हित इसलिए साधे जा रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों के साथ राजनेता और अधिकारी भी इस गठबंधन के हिस्सेदार हो गए हैं। यदि ये शामिल नहीं है तो साफ है, शराब माफिया सरकार पर भारी हैं। अतएव जहरीली शराब का यह गोरखधंधा भविष्य में भी रुकने वाला नहीं है। उमा भारती शराबबंदी के लिए सड़क पर उतरेंगी, नामुमकिन है ?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

विवेक और संवेदना का संसार हैं पुस्तकें

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में श्रुति परम्परा के बाद ज्ञान, विचार और मानवीय संवेदनाओं के हस्तांतरण का सबसे सशक्त और प्रामाणिक माध्यम सदैव से छपे हुए शब्द ही रहे हैं। एक समय था जब छपे हुए शब्द मात्र सूचना संप्रेषित करने का कोई साधारण साधन नहीं हुआ करते थे, अपितु वे जीवन-दर्शन, लोक-संस्कृति और वैचारिक गहराई के संवाहक माने जाते थे। जब भी कोई पाठक किसी मुद्रित पुस्तक को अपने हाथों में लेता था तो वह केवल कागज़ के निर्जीव पन्ने नहीं पलटता था, बल्कि वह रचनाकार के मस्तिष्क और उसकी आत्मा के साथ एक अत्यंत गहन, मौन और आत्मीय संवाद स्थापित करता था। छपे हुए शब्दों की वह दुनिया अद्भुत थी। तब किसी वैचारिक गद्य को पढ़ने अथवा शास्त्रीय साहित्य के किसी गूढ़ दार्शनिक अर्थ को समझने के लिए जिस एकाग्रता और तन्मयता की आवश्यकता होती थी, वह मनुष्य के भीतर एक असाधारण धैर्य का निर्माण करती थी। काव्य-रसिक जब किसी विशुद्ध कविता, दोहे या मुक्तक के साये को पढ़ते थे तो वे मात्र शब्दों को बांचते नहीं थे, बल्कि शब्दों की लय, मात्राओं के कठोर अनुशासन और उनके नेपथ्य में छिपे गहरे भावों को अपने हृदय में उतारते थे। एक-एक छंद पर रुकना, उसके अर्थ-विस्तार पर विचार करना और उसकी गहराई में उतर जाना ही पठन का वास्तविक आनंद हुआ करता था। हमारी समृद्ध लोक-परंपराओं, ग्रामीण अंचलों से निकले लोक-साहित्य और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक गीतों में जो अमूल्य दर्शन पिरोया गया है, वह इसी गंभीर स्वाध्याय और धैर्य की मांग करता है।

उस स्वर्णिम दौर में पठन-पाठन केवल कुछ नई बातें जान लेने की सतही प्रक्रिया न होकर एक प्रकार का आध्यात्मिक और मानसिक अनुष्ठान था। किंतु समय के चक्र ने एक अत्यंत तीव्र और अकल्पनीय करवट ली। आज हम तकनीकी चकाचौंध के उस चरम बिंदु पर खड़े हैं, जहां आभासी पटल और मायावी विद्युतीय तंत्र ने हमारे जीवन के हर पहलू को अपने मोहपाश में बांध लिया है। वर्तमान परिदृश्य में, त्वरित संचार माध्यमों और यंत्रों के चमचमाते फलकों ने हमारे पढ़ने, समझने और विचार करने की आदतों को जड़ से बदल कर रख दिया है। आज हम सूचनाओं के एक अथाह महासागर में गोते तो लगा रहे हैं, लेकिन उस महासागर की गहराई में उतरकर ज्ञान के सच्चे मोती निकालने का समय और धैर्य अब हमारे पास शेष नहीं है। त्वरित संतुष्टि और तत्काल सूचना प्राप्ति की इस अंधी दौड़ ने स्वाध्याय की मूल प्रकृति को बुरी तरह खंडित कर दिया है। आज पठन की जगह केवल सरसरी निगाह से देखने और उंगलियों को निरंतर आभासी फलक पर खिसकाते रहने की एक नई और खतरनाक प्रवृत्ति ने ले ली है। आज के अधीर पाठक को यदि प्रथम कुछ पंक्तियों में ही कोई चौकाने वाला तत्व या कोई त्वरित निष्कर्ष प्राप्त नहीं होता तो वह बिना क्षण भर विचार किए तुरंत दूसरे विकल्प की ओर भाग खड़ा होता है। यह अधीरता केवल पठन-पाठन तक ही सीमित नहीं रह गई है, वरन यह हमारे चिंतन, मनन और विवेकपूर्ण विचार करने की मौलिक क्षमता को भी कुंद कर रही है। हम ज्ञान और बोध से कोसों दूर जा रहे हैं और केवल निर्जीव आंकड़ों के निष्क्रिय उपभोक्ता मात्र बनकर रह गए हैं।

साहित्यिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक प्रतीत होती है। जब हम किसी लोक-कथा, पीढ़ियों से गाए जा रहे किसी पारंपरिक गीत या किसी मर्मस्पर्शी आलेख को अत्यंत शीघ्रता से पार कर जाते हैं तो हम अनजाने में ही उसकी मूल आत्मा को मार देते हैं। छपे हुए शब्दों की अपनी एक स्वतंत्र ध्वनि होती है, वाक्यों का अपना एक अंतर्निहित संगीत होता है। जब कोई रचनाकार किसी दोहे, मुक्तक या वैचारिक गद्य का सृजन करता है तो वह शब्दों के भार, उनके अर्थ और उनके भाषाई संतुलन को बड़ी तपस्या के साथ साधता है। गंभीर पठन के अभाव में, आज की नई पीढ़ी उस शिल्प, उस लालित्य और उस भाषाई सौंदर्य को महसूस करने से सर्वथा वंचित होती जा रही है।पुस्तक के पन्नों की वास्तविक खुरदरी छुअन और ताजी स्याही की सौंधी महक यंत्रों की कृत्रिम रोशनी में बहुत पीछे छूट गई है। शैक्षणिक संस्थानों, समाज के प्रबुद्ध विचारकों और परिवार के बुजुर्गों का यह सामूहिक दायित्व बनता है कि वे नई पीढ़ी के भीतर पुनः पुस्तकालयों के शांत वातावरण में बैठकर, एकाग्रचित्त होकर घंटों पढ़ने की उस महान संस्कृति को पुनर्जीवित करें। समय की मांग है कि हम ज्ञान को सहेजने के नए माध्यमों का स्वागत अवश्य करें, किंतु ज्ञान को आत्मसात करने की उस प्राचीन और सिद्ध परंपरा को कदापि न विस्मृत करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अहिंसा के प्रयोग

संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र

संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा- मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज- मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

अंतर्मन

आज की पाती

पृथ्वी के सतत अवलोकन के लिए एक नया कदम

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अब शासन व्यवस्था, आपदा राहत, कृषि क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा में आवश्यक उपकरण बन गए हैं। ये उपग्रह पृथ्वी की सतह, वायुमंडल और महासागरों के बारे में दूरस्थ संवेदन डेटा प्रदान करते हैं और सरकारों को उन परिवर्तनों पर नज़र रखने में मदद करते हैं जिन्हें जमीनी प्रणालियों द्वारा आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता है। भारत में पृथ्वी अवलोकन मिशन वर्षों से अच्छी तरह स्थापित है और ईओएस-05 का प्रक्षेपण इसकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी भू-तुल्यकालिक कक्षा से इमेजिंग करने की क्षमता भारतीय क्षेत्र का बार-बार अवलोकन करने में सक्षम बनाती है। *- ब्रिजेश चौहान, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

हजारिका की जन्म शताब्दी

डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनकी आवाज़ ने असम के साथ पूर्वोत्तर के गौरव को पूरे देश के लोगों के दिलों तक पहुंचाया। संगीत के माध्यम से उन्होंने लोगों की भावनाओं को बहुत ही खूबसूरती से व्यक्त किया। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

सत्य निकेतन की घटना दुःखद

सत्य निकेतन की दुखद घटना के बाद एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बिल्डिंग के मालिक को गिरफ़्तार कर लिया गया है। **- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

दोषियों पर कार्रवाई

दोषियों के खिलाफ़ तुरंत कार्रवाई तो दूर की बात है, अक्सर आरोपी उन्हीं की पार्टी के होते हैं और पूरा तंत्र दोषियों को बचाने में लग जाता है। एक आम नागरिक अब उनकी पार्टी और सरकार के सामने खुद को बेबस महसूस कर रहा है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हॉस्टल की क्षमता

हर साल, लाखों छात्र किसी दूसरे शहर में अपने सपने को पूरा करने के लिए अपना घर छोड़ते हैं। लेकिन क्या हम उन्हें रहने के लिए सुरक्षित जगह दे रहे हैं? दिल्ली में लगभग 7 लाख छात्र पढ़ते हैं, जबकि हॉस्टल की क्षमता मुश्किल से 30,000 है। **- सोनू सूद,** फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

श्रीलंका में अल नीनो से पेयजल संकट, लाखों लोग प्रभावित

श्रीलंका में उभरती अल नीनो स्थिति, बढ़ते तापमान और कम बारिश के कारण देश के कुछ हिस्सों में शुष्क मौसम की स्थिति गंभीर होने से 1.15 लाख से अधिक लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के महानिदेशक अजित विजेमन्ना ने कहा कि अल नीनो की स्थिति विकसित हो रही है और हो सकता है कि यह मौजूदा मौसम संबंधी परिस्थितियों को प्रभावित कर रही हो। अल नीनो मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के पानी के समय-समय पर गर्म होने की स्थिति है, जो क्षेत्र में तापमान को प्रभावित कर सकती है। श्रीलंका में जारी शुष्क मौसम के बीच इसके विकास और संभावित प्रभाव पर करीबी नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि हिंद महासागर से घिरे श्रीलंका में इसका प्रभाव अधिक गंभीर हो सकता है।आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के अनुसार, देश के 25 प्रशासनिक जिलों में से सात में अल नीनो से जुड़ी मौसम संबंधी स्थिति के कारण 1,15,586 लोग प्रभावित हुए हैं। डीएमसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भीषण गर्मी और बारिश की कमी से कई इलाके प्रभावित हुए हैं, जिससे पानी की उपलब्धता को लेकर गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

ऑफ बीट

सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

एमपीएससी स्कैम : जंतर-मंतर के बाद जेन जेड का फिर हल्ला बोल

पेपरलीक, धांधली, गड़बड़ी के खिलाफ अब पुणे में भी सड़कों पर उतरे छात्र

महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, धांधली और पेपर लीक के गंभीर आरोपों को लेकर एमपीएससी (महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग) अभ्यर्थियों का धैर्य अब पूरी तरह जवाब दे चुका है। व्यवस्था से नाराज और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हजारों छात्रों ने पुणे की सड़कों पर उतरकर आक्रामक विरोध दर्ज कराया है।

एजेंसी ▸▸| पुणे

देश में इस साल परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों को लेकर युवाओं का गुस्सा एक के बाद एक राज्य में सड़कों पर उतर रहा है। पुणे के ऐतिहासिक ओंकारेश्वर मंदिर चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक मंगलवार सुबह एक विशाल मार्च निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां और दिल में आक्रोश लिए प्रदर्शनकारी छात्रों का साफ कहना है कि दिन-रात मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों के हक पर डाका डाला जा रहा है। आयोग में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और एजेंटों की साठगांठ ने पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की धज्जियां उड़ा दी हैं। छात्रों का स्पष्ट अल्टीमेटम है कि जब तक उनकी इन 12 सूत्रीय मांगों पर ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका यह आंदोलन थमेगा नहीं।

परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों को लेकर एक से दूसरे राज्य पहुंचा युवाओं का गुस्सा

एमपीएससी छात्रों की 12 प्रमुख मांगें

आक्रोशित छात्रों ने आयोग के सामने कुल 12 मांगें रखी हैं। इनमें प्रमुख रूप से एमपीएससी के मौजूदा अध्यक्ष और सचिव का तुरंत इस्तीफा लेकर बेदाग छवि वाले अधिकारियों की नियुक्ति की मांग सबसे प्रमुख है। छात्रों ने ग्रुप-B परीक्षा में लगे धांधली के आरोपों पर आयोग से 7 दिनों के भीतर आधिकारिक स्पष्टीकरण और निष्पक्ष जांच की मांग की है। इसके अलावा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 और कृषि सेवा परीक्षा के वर्णनात्मक पेपरों के मूल्यांकन में हुई गलतियों की उच्च स्तरीय जांच, मुंबई क्राइम ब्रांच की प्राथमिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और गिरफ्तार आरोपी अपर सचिव अभिजीत लांडे के पूरे कार्यकाल की परीक्षाओं के फॉरेंसिक ऑडिट की मांग भी शामिल है।

दिल्ली से शुरू हुई थी यह लहर

देश के अलग-अलग हिस्सों में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर युवाओं का यह आंदोलन एक राज्य से दूसरे राज्य तक फैलता जा रहा है। दिल्ली में जून-जुलाई 2026 के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में नीट पेपर लीक के खिलाफ बड़ा जेन जी प्रोटेस्ट चला था और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके कुछ ही समय बाद झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के आरोपों पर रांची में हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए थे, जिसके दबाव में राज्य सरकार को कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। अब यही गुस्सा महाराष्ट्र पहुंच चुका है, जहां पुणे में हजारों एमपीएससी अभ्यर्थियों ने आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया है।

सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होने पर छात्र को 5 लाख का नोटिस

ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षत त्रिपाठी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन में शामिल होना महंगा पड़ गया है। ग्रेटर नोएडा के कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने छात्र को शांति भंग से जुड़े मामले में 5 लाख रुपये का नोटिस जारी किया है। अक्षत त्रिपाठी स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की उत्तर प्रदेश स्टेट कमेटी के सदस्य भी हैं। यह कार्रवाई ईकोटेक-1 थाने के एक सब-इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि जंतर-मंतर पर हुए सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान अक्षत त्रिपाठी ने छात्रों को सरकार के खिलाफ भड़काने और एकजुट करने का प्रयास किया। हालांकि, अक्षत ने इन आरोपों से इंकार किया है। उनका कहना है कि उन्होंने प्रदर्शन में पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हिस्सा लिया था।

'हम पूजा के 4 दिन मछली खाने को ही बचाते हैं पैसा'

धीरेंद्र शास्त्री पर बंगाल की मंत्री का पलटवार

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के 'दुर्गा पूजा के दौरान बंगालियों को मांसाहारी भोजन नहीं खाना चाहिए' वाले बयान पर सियासत गरमा गई है। सत्ताधारी दल बीजेपी और विपक्षी पार्टी टीएमसी दोनों ने ही धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान पर आपत्ति जताई है। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर साफ कहा है कि कोई बाहरी व्यक्ति बंगाल की परंपराओं को नहीं समझ पाएगा।

अग्निमित्रा ने कहा, 'हम पूरे साल पैसे बचाते हैं ताकि पूजा के चार दिनों में रेस्तरां जा सकें और मांस व हिलसा मछली खा सकें। हमें कोई नहीं बताएगा कि हम क्या खाएंगे, क्या पहनेंगे, कब बाहर जाएंगे या कब आएंगे।' टीएमसी विधायक कुणाल घोष ने धीरेंद्र शास्त्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी टिप्पणियां बंगाली समुदाय का अपमान है। पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने भी धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि कोई बाहरी व्यक्ति यह तय नहीं करेगा कि बंगाल के लोग क्या खाएंगे या क्या पहनेंगे।

यह कहा था धीरेंद्र शास्त्री ने

गौरतलब है, बीते दिनों धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि जो लोग धार्मिक होने का दावा करते हैं, लेकिन दुर्गा पूजा पंडाल के पीछे मांसाहारी खाना बनाते हैं, उन्हें धार्मिक नहीं बल्कि पाखंडी कहा जाएगा। साथ ही, उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान बंगालियों से मांसाहारी खाना छोड़ने की अपील की थी।

ग्राहम स्टेंस केस : 17 को निर्णायक सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दारा सिंह की समय पूर्व रिहाई की याचिका पर 17 सितंबर को सुनवाई करेगा। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा सरकार को दारा सिंह की समय से पहले रिहाई पर फ़ैसला न लेने के लिए फटकार लगाई। दारा सिंह ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेन्स और उनके दो नाबालिग बेटों की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने तब कड़ी नाराज़गी जताई जब ओडिशा सरकार ने अपने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) की बीमारी का हवाला देते हुए सुनवाई चार हफ़्ते के लिए टालने की मांग की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

अनुलग्नक-I

खानपान ईकाई ई-निविदा क्र.- COM/Catg./E-Auction/WVM/2026

बिलासपुर मंडल के "क्लस्टर स्टेशन" में शामिल स्टेशन (रायगढ़, चाम्पा, अकलतरा और कोरबा) वाटर वेंडिंग मशीन के लिए ई–नीलामी (निविदा) आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर दिनांक 31.08.2026 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:

केटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी प्रारंभ तिथि/समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
MSS-WVM-Sep26	विविध–स्थैतिक–वाटर वेंडिंग मशीन	15.09.2026 12:30:00	MSS-BSP-RIG-WVM-151-26-1 (विविध–स्थैतिक–वाटर वेंडिंग मशीन)	08 WVM स्थापना और संचालन बिलासपुर मंडल के "क्लस्टर स्टेशन" में शामिल स्टेशन (रायगढ, चाम्पा, अकालतरा और कोरबा)	1826 दिन

सीपीआर/10/पीएच/391 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

सऊदी के 4 शहरों पर हूती का हमला, 73 लोग घायल

काहिरा। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के हमलों के कारण सऊदी अरब के दक्षिणी क्षेत्र में कई तेल प्रतिष्ठानों और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी इकाइयों में आग लग गई। इन हमलों में 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यमन में हूतियों के खिलाफ लड़ रहे सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने बताया कि विद्रोहियों ने सऊदी अरब में 'असैन्य और आर्थिक प्रतिष्ठानों' को निशाना बनाया। इन हमलों को अमेरिका के एक महत्वपूर्ण सहयोगी सऊदी अरब और ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों के बीच फिर से शुरू हुए संघर्ष के गंभीर होने के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि तेल प्रतिष्ठानों और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी इकाइयों में संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

नेपाल बाढ़ : 1,357 हुई मृतकों की संख्या

काठमांडू। नेपाल में अचानक आयी विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित इलाकों से और शव बरामद किए जाने के बाद मंगलवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 1,357 हो गई। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि बचाव दल अब भी 5,326 लोगों की तलाश कर रहे हैं जबकि अब तक 13,583 लोगों को बचाया जा चुका है। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास 26 अगस्त को हिमस्खलन के कारण भोटेकोशी नदी में आयी बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों तथा गांवों में भारी तबाही मचाई।

आवश्यकता है

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़

द्वारा सम्बंध्दता प्राप्त एस.डी. महाविद्यालय नवागढ़ जिला–जांजगीर चाम्पा में परिनियम 28 के अंतर्गत निम्न पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित है।

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष 1 पद (विधि विभाग), सहायक प्राध्यापक (विधि) 4 पद, 2 पद सामान्य, 1 पद अनु.जाति, 1 पद पिछड़ा वर्ग, वाणिज्य–1 पद, 1 सामान्य, लाइब्रेरियन–1 पद, 1 सामान्य, 1 अनु. जाति, क्रीड़ाधिकारी–1 पद, सहा. प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस 1 पद, सहा. प्राध्यापक माइक्रो बायोलॉजी 1 पद, सहा. प्राध्यापक प्राणिशास्त्र 1 पद, 1 अनु. जाति, 1 सामान्य वेतनमान–UGC के नियमानुसार मूल वेतन दी जावेगी। योग्यता–UGC नेट/स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। **टीप-**अभ्यर्थी अपना आवेदन रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के साथ 09/09/2026 से 22/09/26 तक प्रेषित करें। **टीप -** आरक्षण के अनुसार अभ्यर्थी नहीं मिलने पर सामान्य कोटे से नियुक्ति की जाएगी।

पता - प्राचार्य एस.डी. महाविद्यालय नवागढ़
जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पिन 495557, मो.9993676616

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्जा** कर लिया है:

क्र. सं.	ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में)	कब्जा की तिथि
1.	कमल किशोर कुर्रे, ज्योति कुर्रे	मकान-मौजा मुंगेली विनोबा नगर पानी टंकी वार्ड प.ह.नं.26/6 ख.नं. 615/50, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334, चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम - अन्य की भूमि, उत्तर - 20 फीट प्रस्तावित भूमि, दक्षिण - पाटलिपुत्र कॉलोनी।	04-07-2026	832,431	05-09-2026
2.	विनय कुमार शर्मा, गोपी कुमार शर्मा, शशि शर्मा	प्लॉट-1704/3/क/2, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, खसरा नंबर 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि।	04-07-2026	1,266,363	05-09-2026
3.	शुभम श्रीवास, खेमलाल श्रीवास	मकान-मौजा सैदा, प.ह.नं.41, खसरा नं. 248/3, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-गोविंद एवं कोल का प्लॉट पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट, दक्षिण-चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट।	04-07-2026	1,147,600	05-09-2026
4.	मनीष साव, पूजा साव	मकान-मौजा सईदा, प.ह.नं.41 ख.नं.248/3(भाग) तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001., चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-कुकरेजा की भूमि, उत्तर-दिलीप मानिकपुरी की भूमि, दक्षिण-श्रद्धा विश्वकर्मा की भूमि।	04-07-2026	1,340,535	05-09-2026
5.	भुजबल यादव, लता यादव, शुभम यादव	मकान-प्लॉट नं. 864/5, ख.नं. 580/25, मौजा खमतराई, प.ह.नं.17/25, रा.नि.मं. कोनी, विकास खंड बिल्हा, तह.व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व- जोहर बारमल का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट।	04-07-2026	927,797	05-09-2026
6.	कमल कांत गुप्ता, ज्योति गुप्ता,	प्लॉट-प्लॉट नं. 44/1, ख.नं. 236/1 (भाग), मौजा सिरगिट्टी, प.ह.नं. 23/41/30, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकास खंड बिल्हा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001., चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम- रजक की भूमि, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण- राव का मकान।	04-07-2026	1,102,542	05-09-2026
7.	सेवाराम रात्रे, सुनीता रात्रे	फ्लैट-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख.नं.37/62 प.ह.नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001., चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम-रजक की भूमि, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-राव का मकान।	04-07-2026	826,292	05-09-2026
8.	आर्यन दुबे, तुषार दुबे, धर्मेंद्र दुबे, कविता दुबे	मकान-मौजा बोदरी, शीट नं. 8 का भाग, प्लॉट नंबर 27/11, ख.नंबर 261/12, मौजा बोदरी, प.ह.नं.1, महाल नंबर 3, रा.नि.मं बिल्हा, तह. बिल्हा व जिला-बिल्हा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006, चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-कुकरेजा की भूमि, उत्तर-दिलीप मानिकपुरी की भूमि, दक्षिण-श्रद्धा विश्वकर्मा की भूमि।	04-07-2026	2,867,767	05-09-2026

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा **आम जनता** को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन–देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन–देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और **पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।**

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: बिलासपुर, दिनांक: 09-09-2026 अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

राशिफल

मेष – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6342



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा–4
3.गिरवी रखी वस्तु–3
5.चहा,पेय पदार्थ–2
6.ऐयार,गुप्तचर–3
7.संध्या,सांझ–2
9.रसद,किराणा सामग्री–3
11.करामात,करतब–5
14.विक्रय स्थल–3
16.कलाकार–4
17.चाहत,लगन–2
18.सद,अच्छा–2
19.लंबा कोट–4
23.पानी की बूंद–3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण–5
27.लोभ,लालसा–3
28.दौड़ना(अंग्रेजी–2)
30.रेखा,लाइन–3
31.अकुवा,आकड़ा–2
32.अव्यवस्थित भीड़–3
33.अचानक,सहसा–4

ऊपर से नीचे
1.शराब–2
2.सम्राट,शहंशाह–4
3.सांभर जैसा खाद्य–3
4.सरुर, मद–2
5.चापलूस–4
6.प्राण, जीवन तत्व–2
8.चिंतन–3
10.भद्र, कुलीन–3
12.अपराध–3
13.पिता का भाई–2
15.यात्री दल–3
17.प्रेम लगन–3
18.भ्रमर,जलावर्त–3
20.चमड़ी,त्वचा–2
21.अनुकृति–3
22.आर्द्रक–4
23.कटि,मध्यांग–3
25.हठ करना, जिद करना,रोना–4
26.साजन,सनम–3
27.थूक,लेस–2
29.भीगा हुआ–2
31.उम्मीद,आशा–2

शब्द पहेली- 6341 का हल

■	स	ह	का	रि	ता	■	अ	चा	न	क
हा	र	■	य	■	ना	वि	क	■	त	र
थ	■	त	र	जु	मा	■	ल	ता	■	दा
मा	कू	ल	■	■	र	थ	■	क	वि	ता
र	■	घ	■	फ	ना	■	खा	■	र	■
ना	म	र	ख	ना	■	रा	ज	म	ह	ल
■	थ	■	त	■	मो	ह	■	ह	■	प
क	ना	त	■	रा	ह	■	■	क	पा	ल
र	■	ना	प	■	त	म	क	ना	■	पा
ता	ना	■	ली	ड	र	■	थ	■	का	ना
र	च	यि	ता	■	मा	ख	न	चो	र	■

सूडोकु नवताल - 6352

★★★✫✫ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6351 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

परंपरा
चिरंजीव लाल

अन्न के प्रति आस्था का प्रतीक है बाल बांधना

छत्तीसगढ़ का मुख्य फसल धान होता है। इस फसल के आगमन पर बाल बाँधने का पर्व मनाया जाता है। बाल बाँधने का तात्पर्य है नए फसल के रूप में निकली धान की बाली को पहले देवी देवताओं को समर्पित करना फिर सभी ग्रामवासियों के घरों में बांधना। फसल उत्पादक किसान भाइयों का मानना है कि उनके फसल उत्पादन में मृदा, मेघ, जल, ताप, हवा आदि प्राकृतिक अवदानों के अलावा ईश्वरीय शक्ति और देवी देवताओं के आशीर्वाद भी निहित होते हैं। इसलिए उत्पादित फसल में सभी का किसी न किसी रूप में हिस्सा होता है। यही कारण है कि धान फसल में जब बाली निकल आती है तब सर्वप्रथम देवी देवताओं को अर्पित किया जाता है बाद में सभी ग्रामवासी अपने घरों में बांध देते हैं। यह कार्य गांव में सार्वजनिक रूप से नियुक्त देवी देवता के पुजारी बैगा द्वारा ही किया जाता है। बाल बांधने के इस कार्य को विशेषकर भादो माह के अंतिम सप्ताह अथवा क्वांर माह के किसी रविवार को या फिर कोई पर्व के दिन संपादित किया जाता है। इस समय तक नई फसल के रूप में खेतों में हरुणा धान की बालियां निकल आती है। गांव का बैगा खेतों से धान की बालियां तोड़ कर ले आता है और सर्वप्रथम ग्राम्य देवी देवताओं में धूप दीप जलाकर पूजा अर्चना के साथ धान की बालियां चढ़ाता है उसके बाद सभी के घरों के मुख्य दरवाजा के पास बांधता है। जिस घर में बाल बांधा जाता है उस घर से बैगा को दान स्वरुप चावल डाल दिया जाता है।

परब
कमलेश यादव

अंचल में विराजित प्राचीन गणेश प्रतिमाएं

छत्तीसगढ़ राज्य में छठवीं सदी ईसवी से तेरहवीं सदी तक के प्राचीन मंदिरों के अवशेष प्राप्त होते हैं। इन स्थलों में मल्हार, ताला, सिरपुर, राजिम, डीपाडीह, रतनपुर, पाली, भोरमदेव, बारसूर, दंतेवाड़ा आदि उल्लेखनीय है। इनमें अष्टभुजी प्रतिमा अत्यंत कलात्मक है, जिसमें नृत्य के गति के अनुरूप प्रतिमा की सुडौलता, भाव - भंगिमा, तथा ठुमकन विशेष दर्शनीय है। चतुर्भुजी गणेश नृत्यरत अंशतः खंडित है। सामान्य प्रतिमाएं जिसमें हाथों में परशु, कमल कलिका, स्वदंत, तथा मोदक पात्र है। मस्तक के पीछे अर्ध वृत्ताकार प्रभामंडल है। शुंड दक्षिणावर्त है जिसके अग्र भाग में मोदक स्थित है। इसी तरह मुख भग्न आसनस्थ गणेश प्रतिमा है। मुख भाग पूर्णतः भग्न है। अग्र भाग में मोदक दृष्टवय है। इस तरह अनेक कलात्मक स्वरुप गणेश जी के मन को आकर्षित करते हैं। इनके अलावा बस्तर के ढोलकल गणेश प्रतिमा से हम सभी परिचित हैं। इसके साथ ही कई पुरातत्विक महत्व के कई गणेश मंदिर इतिहास की Http को अपने अंदर समाहित किए हुए हैं।

लोक साहित्य
डा. व्यास नारायण दुबे

छत्तीसगढ़ की अस्मिता की पहचान छत्तीसगढ़ी जनभाषा

छत्तीसगढ़ी बोली का प्रारम्भ रतनपुर के एक प्राचीन राजा कल्याण साय के समय से जाना जाता है। इस प्रदेश का नाम छत्तीसगढ़ भी इन्हीं के समय में पड़ा, ऐसा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ी बोली का सर्वाधिक प्राचीन रूप संवत 1760 के एक शिलालेख को माना जाता है, जो बस्तर के दंतेवाड़ा मंदिर में उत्कीर्ण है। इस शिलालेख की भाषा पूर्णतः छत्तीसगढ़ी मिश्रित हिन्दी कहा जा सकता है। यह शिलालेख संवत 1760 में मैथिल ब्राह्मण राजगुरु भगवान मिश्र ने लिखवाया था। इस समय संस्कृत ज्ञाता अल्पसंख्यक ही थे। संभवतः इसीलिए उस शिलालेख को छत्तीसगढ़ी में अंकित करवाना पड़ा। ' छत्तीसगढ़ ' शब्द का प्रयोग हिन्दी के जिन कवियों की रचनाओं में मिलता है, उसका काल लगभग 300 वर्षो से अधिक प्राचीन नहीं है। इसका उल्लेख प. लोचन प्रसाद पाण्डेय ने अपनी पुस्तक ए ग्रामर ऑफ डाइलेक्ट की भूमिका में पृष्ठ 3 पर किया है। नक़्शे में भी ' छत्तीसगढ़ी ' नाम से किसी स्वतंत्र एवं विशिष्ट भू भाग की सत्ता का परिणाम चार्ल्स जोपरर के ' हिस्टोरिकल एटलस ऑफ इंडिया ' के पहले प्राप्त नहीं होता। इसी एटलस में पहली बार गोंडवाना प्रदेश के अंतर्गत छत्तीसगढ़ क्षेत्र का स्वतंत्र घटक के रूप में अंकन हुआ है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

अंचल में लोक पर्व तीजा का अनेक रूपों में महत्व

धार्मिक
गौकरण मानिकपुरी

छत्तीसगढ़ में अनेक लोक पर्व प्रचलित है जो लोक जीवन जीवन में ऊर्जादायी और स्वस्थ मनोरंजन लोकरंजन प्रदान भी करता है और हर पर्वों त्योहारों को मनाने उत्साह भी। छत्तीसगढ़ के डंडा पचरंगा, घरघुंदिया लुकऊला, घांदी मुंदी और फुगड़ी जैसे अनेक लोक खेलों में कविता गीत नृत्य भी शामिल होने से हर तीज त्योहार को और अधिक समृद्ध बन देता है। इसलिए यहां हर पर्व अत्यंत ही आनंद और मनोरंजक भाव से मनाने की परम्परा समृद्ध है।

जैसे सावन महिने में राखी बांधने आई बहनों द्वारा सावन झूला झूलना और गीत गाना...

सावन झूला झूलन दे...
लीख पटापट मारन दे...
सावन म सांवा,भांदो म काशी... राहेर फूल गे,अगहन ओन्हारी... कातिक सिंहारी कनेर फूलगे... लाली रतालू डुमर फूल के...
माला,तुही ला खुलगे...
आदि।

ऐसे ही सावन महीना बीतने पर ,भादो महिने में कमरछठ आठे गोकुल पोरा, और बहन बेटियों का प्रसिद्ध पर्व तीजा अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाने वाला पर्व होता है, जिस पर आधारित लोक खेल फुगड़ी में प्रयुक्त होने वाला गीत बडा ही आनंददायक और मनोरंजक होता है, जिसे बालिकाएं या बेटियां जमीन में हाथों को फेरती हुई गाती हैं-

गोबर दे बछरु गोबर दे...
चारो खुट ल लीपन दे...
अपन खाथे गुदा गुदा...
मोला देथे बीजा,ए बीजा ला... काय करहुं,रहि जांहु तीजा...
,तीजा के बिहान दिन खादी... खादी लुगरा...
हेर दे भउजी कपाट के खीला...।
एक गोड़ में लाल भाजी एक गोड़ कपूर...
कतेक ल मांनव मैं देवर ससुर...

ऐसे ही कई मनोरंजक गीत विभिन्न अवसरों पर अंचल में गाया जाता है जिसे लोक खेलों के माध्यम से प्रायः बच्चों द्वारा खेल खेलते हुए गाया जाता है। जैसे-

नांगर बइला बोर दे,पानी दमोर दे...
इत्ता इत्ता पानी ,घोर घोर रानी...
अंधियारी अंजोरी घांदी मुंदी खेलबो न...
और
अटकन मटकन दही चटाका...
लऊहा लाटा बन में कांटा...
चुहुर चुहुर पानी आवय,गंगा ले गोदावरी जाबो...
बेल के डारा टुटगे ,भरे कटोरा फूटगे...।

पर्यटनः डा. डी. पी. देशमुख

प्राकृतिक सुंदरता चेंद्रा रनघाघ जलप्रपात में

अंबिकापुर -रायगढ़ राजमार्ग पर दस कि मी की दूरी पर चेंद्रा ग्राम स्थित है। चेंद्रा से उत्तर दिशा में तीन चार कि मी की दूरी पर साल वनों एवं पहाड़ी की गोद में चेंद्रा रनघाघ जलप्रपात स्थित है। यह एक मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल है। जलप्रपात के पास ही वन विभाग की पौध रोपण नर्सरी और एक छोटा निरीक्षण गृह भी है। यहां का वन सौंदर्य एवं सुषमा देखते ही बनती है। चेंद्रा जलप्रपात लगभग 10 कि मी लम्बाई एवं 800 फीट ऊंचाई की पर्वत माला पर स्थित होने से एक उत्तम वनभोज स्थल बन गया है। इन स्थलों के आसपास और भी छोटे छोटे झरने हैं जो देखने योग्य हैं। यह ऐसे स्थलों में हैं जो गर्मी के दिनों में भी मन को सुकून प्रदान करते हैं। यहां वर्ष भर पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते रहते हैं। बरसात के दिनों में यहां का नजारा लोक लुभावन होता है।

सुरता
डुमन लाल ध्रुव

जन जागरण के साथ ही अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वालों में रामाधीन गोंड़

छत्तीसगढ़ की गोंड़ जनजाति में रामाधीन गोंड़ का जन्म हुआ। वे बचपन से ही साहसी, निर्भीक और न्यायप्रिय प्रवृत्ति के थे। गोंड़ जनजाति का जीवन प्रकृति, नदी, जंगल से जुड़ा होता है और इसी जीवन पद्धति ने उनमें स्वतंत्रता और स्वाभिमान का भाव विकसित किया। 18वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में अंग्रेजों और सामंती व्यवस्था के शोषण से जनजातीय समाज त्रस्त था। बेगार प्रथा, भारी लगान, जबरन वसूली, जंगल जमीन से बेदखली जैसी समस्याओं ने गोंड़ समुदाय के जीवन को संकट में डाल दिया। इन्हीं परिस्थितियों में गोंड़ नायक रामाधीन ने विद्रोह का बिगुल फूंका।

आपने अपने क्षेत्र के किसानों और आदिवासियों को एकजुट किया। वे अंग्रेज सरकार की जुल्मी नीतियों और जमींदारों की मिलीभगत के खिलाफ खड़े हुए।

उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक किया कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष ही मुक्ति का मार्ग है। अंग्रेज हुकूमत ने रामाधीन गोंड़ के नेतृत्व और उनके बढ़ते प्रभाव को खतरे के रूप में देखा। उनके आंदोलनों और विद्रोही गतिविधियों को कुचलने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने उन्हें पकड़ने की योजना बनाई। उन्हें गिरफ्तार कर क्रूर यातनाएं दी गई। यातनाओं के बावजूद उन्होंने अंग्रेज सरकार के सामने घुटने नहीं टेके और अपने साथियों को बचाने के लिए सत्य और संघर्ष के पथ पर डटे रहे। अंततः वे शहादत के मार्ग पर अमर हो गए और अपने प्राणों का बलिदान देकर स्वतंत्रता संग्राम की लौ को और अधिक प्रखर किया।

ऐतिहासिकः विजय शर्मा

छत्तीसगढ़ में मुगल शासन

देवगढ़ का प्रथम राजा जाटवा गोंड था। यहां पहले रणसूर, घनसूर नाम के गबली जाति के राजाओं के यहां एक वीर सिपाही था, उसनें निज पराक्रम से अपने स्वामी की हत्या कर खुद राजा बन गया। इसी घराने में राजा बख्त बुलंद शाह बड़ा प्रख्यात हुआ। बख्त बुलंद औरंगजेब के दरबार में जाकर सम्राट को प्रसन्न करने के लिए मुसलमान बन गया।

मुसलमान राजाओं ने पूरे भारत में आक्रमण कर प्रभावित किया, लेकिन छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति के कारण मुसलमान राजा प्रयास के बावजूद अपना प्रभाव नहीं जमा सके, घोर जंगल होने के कारण मुगलों के प्रवेश में बाधा हुई। उस समय छत्तीसगढ़ गोंडवानों के छोटे छोटे राज्य में बटे थे। इसमें सबसे सबल राज गोंडो का घराना गढ़ा में था। देवगढ़ा का घराना इतना प्रबल था कि चांदा (चंदरपुर) व गढ़ा के गोंड राजाओं का ऐश्वर्य दबता था। देवगढ़ का प्रथम राजा जाटवा गोंड था। यहां पहले रणसूर, घनसूर नाम के गबली जाति के राजाओं के यहां एक वीर सिपाही था, उसनें निज पराक्रम से अपने स्वामी की हत्या कर खुद राजा बन गया। इसी घराने में राजा बख्त बुलंद शाह बड़ा प्रख्यात

हुआ। बख्त बुलंद औरंगजेब के दरबार में जाकर सम्राट को प्रसन्न करने के लिए मुसलमान बन गया। तभी से देवगढ़ के आगामी राजा गोंड से मुसलमान हो गए। नागपुर शहर का निर्माण बख्त बुलंद शाह ने ही किया। बख्त बुलंद के बारे में भोंसला के राज्य ग्रन्थ में बहुत कुछ लिखा है। बख्त बुलंद का उत्तराधिकारी चांद सुल्तान हुआ। उसकी मृत्यु 1738 में हो गई उसके चार पुत्रों में राज्य के लिए विवाद हुआ। यह अकबर शाह, मीर बहादुर, बुरहान शाह और दासी पुत्र बली शाह थे। बलीशाह ने बड़ी ही क्रूरता के साथ अपने भाई मीर बहादुर का कत्ल कर राजा बना। इन्हीं उठापटक और गद्दी संघर्ष में रानी रतन कुंवारी अथवा तारामती ने बरार से राधो जी को शांति स्थापना के लिए बुलाया। सन 1738 में बलीशाह और राधोजी के मध्य भयंकर संघर्ष हुआ। अंत में बली शाह मारा गया। इस तरह गोंडो से मराठा शासन का उदय हुआ।

खबर संक्षेप

सोना 2,150 रुपए टूटा चांदी 600 रुपए महंगी हुई

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 2,150 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,150 रुपये टूटकर 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। हालांकि, पिछले दो सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में फिर से तेजी आई और यह 600 रुपये बढ़कर 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई।

रेज ऑफ बिलीफ के शेयर निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। मॉम्स बिलीफ ब्रांड के तहत कारोबार करने वाली रेज ऑफ बिलीफ लिमिटेड के शेयर ने मंगलवार को बाजार में धीमी



शुरुआत की और 239 रुपये के निर्गम मूल्य पर ही सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर 239 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में बीएसई पर शेयर 4.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 229 रुपये पर आ गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 476.77 करोड़ रुपये रहा।रेज ऑफ बिलीफ लिमिटेड के आईपीओ को बृहस्पतिवार को बोली के अंतिम दिन करीब 108 गुना अभिदान मिला था।

सुजलॉन को अयाना रिन्यूएबल से मिला 200 मेगावाट का ठेका

नई दिल्ली। सुजलॉन को अयाना रिन्यूएबल पावर लिमिटेड से मध्य प्रदेश में 200 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है।

यह मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में कंपनी का तीसरा पवन ऊर्जा ठेका है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के लिम्बावास में उसकी 3.15 मेगावाट क्षमता वाली एस144 पवन टर्बाइन की 64 इकाइयां लगाई जाएंगी। इस ठेके के साथ सुजलॉन के तीन मेगावाट प्लेटफॉर्म ने 10 गीगावाट क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है।

टोरेंट ग्रीन एनर्जी ने सौर परियोजाएं शुरू कीं

नई दिल्ली। टोरेंट पावर की अनुषंगी टोरेंट ग्रीन एनर्जी ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना (एमएसकेवीवाई)

2.0 के तहत 322 मेगावाट क्षमता की विकेंद्रीकृत सौर परियोजनाएं शुरू की हैं। एमएसकेवीवाई 2.0 योजना प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के घटक-सी के तहत 'फीडर' स्तर पर सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी।

महिंद्रा वीरो श्रृंखला के विस्तार की योजना लक्ष्य पाने बना रहा

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा की चालू वित्त वर्ष 2026-27 में छोटी माल लदान गाड़ियों के बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। कंपनी को 'वीरो' श्रृंखला के विस्तार से इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलने की उम्मीद है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन कारोबार के अध्यक्ष वेलुसामी आर. ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी की चालू वित्त वर्ष के जुलाई तक छोटी माल लदान गाड़ियों के खंड में 46 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

भारत में नियुक्तियों की धारणा वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में नियुक्तियों को लेकर धारणा इस साल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दुनिया में सबसे मजबूत है और बड़ी संख्या में नियोक्ता इस दौरान कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, इस साल की अंतिम तिमाही में भारत में रोजगार परिदृश्य मजबूत हुआ है। इसकी मुख्य वजह कंपनियों का विस्तार है जबकि कर्मचारियों की संख्या घटाने की संभावित वजहों में स्वचालन, प्रौद्योगिकी और आर्थिक चुनौतियां प्रमुख हैं। वैश्विक स्तर पर रोजगार परिदृश्य के मामले में भारत सबसे आगे है और उसका स्तर वैश्विक औसत से 25 अंक अधिक है। सूची में शामिल अन्य देशों में ब्राजील (53 प्रतिशत), पनामा (49 प्रतिशत), मेक्सिको (41 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (41 प्रतिशत) और पेरू (40 प्रतिशत) हैं। भारत में करीब 70 प्रतिशत नियोक्ता बदलती भूमिकाओं और कौशल की बदलती मांग के अनुरूप नियुक्तियां कर रहे हैं। वैश्विक क्षमता केंद्रों के लगातार विस्तार के साथ वित्त एवं बीमा तथा आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि से प्रतिभाओं की लगातार मांग बनी हुई है। गुलाटी ने कहा, ''नियोक्ता कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण कार्यबल में बदलाव, कौशल की कमी और उम्मीदवारों की अपेक्षाओं में असमानता जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर रोजगार परिदृश्य भरोसेमंद और उद्देश्यपूर्ण वृद्धि का बना हुआ है।''

मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

नियोक्ता कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने योजना बना रहें

भारत में करीब 65 प्रतिशत नियोक्ता अक्टूबर से दिसंबर के बीच कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, जबकि 11 प्रतिशत इसमें कमी की उम्मीद कर रहे हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा।

भारत में नियोक्ताओं का भरोसा मजबूत हो रहा

मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, ''2026 की चौथी तिमाही की ओर बढ़ते हुए भारत में नियोक्ताओं का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। शुद्ध रोजगार परिदृश्य छह अंक बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया है, जो पिछली तिमाही से छह अंक और पिछले साल इसी समय से 11 अंक अधिक है।''

पश्चिम एशिया तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 100 डॉलर के करीब पहुंचा

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत के आयात बिल और महंगाई पर दबाव बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से भारत के तेल आयात बिल, रुपये और महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर करीब 99 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है तथा अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में लंबे समय तक बढ़ोतरी से देश का डॉलर में होने वाला आयात बिल बढ़ने के साथ व्यापार संतुलन और रुपये पर दबाव पड़ सकता है।

■ ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव दो प्रतिशत बढ़कर 99 डॉलर प्रति बैरल

ऊंची कीमतों का असर परिवहन व महंगाई पर

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर ईंधन, परिवहन और अन्य ऊर्जा लागत के जरिये घरेलू महंगाई पर भी पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, अप्रैल-जुलाई में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 56 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 63.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 40.5 अरब डॉलर था।

भारत के आयात की औसत कीमत 100.75 डॉलर पहुंची

पीपीएसी के मुताबिक, भारत के कच्चे तेल के आयात की औसत कीमत सितंबर में औसतन 100.75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो अगस्त में 90.19 डॉलर और जुलाई में 82.04 डॉलर प्रति बैरल थी। सात सितंबर को इसकी कीमत 106.26 डॉलर प्रति बैरल रही।

धमकी से आपूर्ति जोखिम में पड़ सकती है

रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कॉरपोरेट रेटिंग्स के सह-समूह प्रमुख प्रशांत वशिष्ट ने कहा, ''ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आने वाली सीमित कच्चे तेल की आपूर्ति के सामने चुनौती पैदा हुई है। ईरान की ओर से जलडमरूमध्य से आगे नया प्रतिबंधित समुद्री क्षेत्र बनाने की धमकी से अतिरिक्त ऊर्जा आपूर्ति भी जोखिम में पड़ सकती है।''

एलपीजी पर 200 रुपए सिलेंडर का बोझ बढ़ सकता है

वशिष्ट ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में हाल की तेजी से वाहन ईंधन बेचने वाली कंपनियों का मार्जिन नकारात्मक हो सकता है और घरेलू एलपीजी पर लागत से कम कीमत पर बिक्री का मौजूदा करीब 200 रुपये प्रति सिलेंडर का बोझ बढ़ सकता है। फिलहाल पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें तीन महीने से अधिक समय से स्थिर हैं। इनके दाम आखिरी बार 25 मई को बढ़े थे।

कंपनियों के मार्जिन पर पड़ सकता है दबाव

कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर भी दबाव बढ़ सकता है। ये कंपनियां अंतरराष्ट्रीय कीमतों में पिछली बढ़ोतरी का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाने के कारण पहले ही नुकसान से जूझ रही हैं। इस बीच, पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही धीमी हो गई है।

पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति घटी

इस मार्ग से अमूमन वैश्विक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति का करीब पांचवां हिस्सा गुजरता है। संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति घटकर करीब 1.1 करोड़ बैरल प्रतिदिन रह गई है, जो पहले करीब 1.8 करोड़ बैरल प्रतिदिन थी।

सैमसंग इंडिया ने शुरू की छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोबाइल फोन और उपभोक्ता उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने मध्य से वरिष्ठ स्तर के 8-10 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ती लागत तथा कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच लागत युक्तिकरण की कवायद के तहत आने वाले सप्ताहों में 40-50 अन्य कर्मचारियों को हटाने की योजना है। सूत्रों ने बताया कि यह छंटनी सैमसंग इंडिया के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स (सीई) डिविजन में की जा रही है, जिसके अंतर्गत टेलीविजन, डिजिटल उपकरण और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार आते हैं। उद्योग सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में कंपनी ने सीई डिविजन से महाप्रबंधक, टीम नेतृत्वकर्ता और ब्रांच/एरिया मैनेजर से लेकर निदेशक स्तर तक के लगभग 8-10 कर्मचारियों को हटाया है। दूसरे दौर में, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया 40 से 50 अन्य लोगों की छंटनी कर सकती है। इस कदम का मकसद कार्यबल को संतुलित करना और दक्षता बढ़ाना है, क्योंकि सैमसंग इंडिया को इस क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच सीई कारोबार में प्रतिद्वंद्वी कोरियाई और चीनी कंपनियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

■ वरिष्ठ स्तर पर कार्यबल में कटौती, 8 से 10 को निकाल

एनएसई का आईपीओ 18 सितंबर को आने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का करीब 30,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 सितंबर को खुल सकता है। एनएसई का शेयर 25 सितंबर को बाजार में सूचीबद्ध होने की संभावना है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, आईपीओ का मूल्य दायरा 15 सितंबर को घोषित किए जाने की संभावना है, जबकि एंकर (बड़े) निवेशक 17 सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। इस सार्वजनिक निर्गम के 18 सितंबर, 21 सितंबर और 22 सितंबर को खुला रहने की संभावना है। हालांकि, इस निर्गम की समय-सारणी को लेकर शेयर बाजार की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि करीब 30,000 करोड़ रुपये का यह आईपीओ वर्ष 2024 में आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के निर्गम को पीछे छोड़कर देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बन सकता है।

■ 25 सितंबर को शेयर हो सकता है सूचीबद्ध

नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे

सूत्रों ने कहा कि इसमें नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे, यानी इस पेशकश से मिलने वाली राशि सीधे एक्सचेंज को प्राप्त नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आईपीओ की प्रस्तावित समय-सारणी इस तरह तय की गई है ताकि 26 सितंबर से शुरू होने वाले 16 दिन के पितृ पक्ष से पहले एनएसई के शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो जाएं।

आईपीओ करीब एक दशक से प्रक्रिया में था

सूत्रों के अनुसार, एनएसई का आईपीओ करीब एक दशक से प्रक्रिया में था और इस महीने की शुरुआत में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से जरूरी नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद इसका रास्ता साफ हो गया। एनएसई कारोबार गतिविधियों के लिहाज से भारत का सबसे बड़ा शेयर बाजार है और यह प्रमुख सूचकांक निफ्टी-50 का संचालन करता है।

फिनटेक क्षेत्र अब यूपीआई का वैश्विक विस्तार करे : मोदी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फिनटेक क्षेत्र से एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की वैश्विक पहुंच बढ़ाने, इसे अन्य देशों की स्थानीय भुगतान प्रणालियों से जोड़ने और प्रवासी भारतीयों के लिए पैसा भेजने की लागत कम करने में मदद करने का आह्वान किया। मोदी ने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन के सातवें संस्करण के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहा कि यूपीआई मंच अब 11 देशों में काम कर रहा है और इसे सिंगापुर की स्थानीय भुगतान प्रणाली से भी जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री ने फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) क्षेत्र से पिछले एक दशक की उपलब्धियों पर संतुष्ट होकर रुकने के बजाय यूपीआई की पहुंच को और व्यापक बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने को कहा। पिछले एक दशक में यूपीआई देशभर में वास्तविक समय में भुगतान का व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाला मंच बन गया है। पीएम ने कहा कि ध्यान उन देशों पर होना चाहिए जहां बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहते हैं, भारत के साथ व्यापार की मात्रा अधिक है या जो भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं।

■ यूपीआई मंच अब 11 देशों में काम कर रहा

शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भारत के 14 संस्थान

नई दिल्ली। प्रबंधन के शिक्षण से जुड़े भारत के 14 संस्थानों को फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) की नवीनतम रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 100 में जगह मिली है। इनमें सात भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) शामिल हैं। ''मास्टर्स इन मैनेजमेंट'' (एमआईएम) 2026 रैंकिंग में शामिल भारतीय संस्थानों में आईआईएम बेंगलूर सबसे आगे रहा। उसे वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान मिला है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा, निविदा सूचना क्रमांक 55 से 69 दिनांक 06.08.2026 (जी क्रमांक 262702074) सभी 15 निविदाओं में किसी निविदाकार द्वारा भाग नही लिये जाने के कारण शुन्य निविदा होने से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
जी. 262703152/2

देश में यूनिकॉर्न बनने वाले स्टार्टअप की संख्या पांच साल में हुई दोगुनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में यूनिकॉर्न बनने की संभावाने वाले स्टार्टअप की संख्या बढ़ने के साथ इस क्षेत्र में विविधता भी आई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया 'चीता' सूचकांक, 2026 में शामिल स्टार्टअप की संख्या पांच साल में दोगुने से अधिक बढ़कर 110 हो गई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। अब फिनटेक और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (एसएएएस) के साथ कृत्रिम मेधा (एआई), इलेक्ट्रिक वाहन, स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा एयरोस्पेस क्षेत्र की कंपनियां भी इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने की दौड़ में हैं। इस सूचकांक में 'चीता' से आशय वर्ष 2000 या उसके बाद स्थापित ऐसी गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप कंपनी से है, जिसका मूल्यांकन 20 करोड़ से 50 करोड़ डॉलर के बीच है और जिसके अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) बनने की संभावना मानी जा रही है।

एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया 'चीता' सूचकांक में शामिल 110 कंपनियों का कुल मूल्यांकन तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनका औसत मूल्यांकन करीब 2,820 करोड़ रुपये है और ये कंपनियां कुल 1.10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
प्रथम आमंत्रण

दिनांक 07.09.2026

निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.09.2026 तक है।

एन.आई.टी.क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
NIT NO. 202 Tender No. 198881	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गों पर डब्ल्यू, एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 63.53 लाख
NIT NO. 203 Tender No. 198882	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 16 मार्गो पर डब्ल्यू, एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 63.53 लाख
NIT NO. 204 Tender No. 198883	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 22 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रू. 59.30 लाख
NIT NO. 205 Tender No. 195884	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 17 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रू. 59.31 लाख
NIT NO. 206 Tender No. 198885	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गों पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 63.54 लाख
NIT NO. 207 Tender No. 198886	कुरुद अनुविभाग के अंतर्गत ग्रामीण मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 67.69 लाख
NIT NO. 208 Tender No. 198887	उपसंभाग गरियाबंद क्रमांक 01 के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 67.80 लाख

उपरोका निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, वित्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकानी ई-प्रोक्योरमेंट वेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.custate.gov.in त्तं डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड कंपलीटी उपलब्धता बावत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदोकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
जी-262703164/2
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
सी.आई.एन. -U40108 CT2003 SGC015822
कार्या. - कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग-दो, पश्चिम, बिलासपुर (छ.ग.)
वेबसाईट: www.cspdcl.co.in दूरभाष क्रमांक 07752-427091 टेलीफोन नं.: 07752.427091

क्रमांक / का.अ./ न.सं.प. / सामा. / 2058 बिलासपुर, दिनांक 08.09.2026

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण कार्य एवं रख-रखाव का कार्य किये जाने हेतु तालिका में दर्शाए गये क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, आवश्यकतानुसार समयावधि घटाया / बढ़ाया जा सकता है।

क्र.	समय	दिनांक/ दिन	उपकेन्द्र	फीडर	प्रभावित क्षेत्र
1	सुबह 10.00 से 02.00 बजे	10.09.2026	33/11 के.व्ही. बृहस्पति बाजार उपकेंद्र	11 के.व्ही. सिविल लाईन फीडर	ईदगाह चौक, पुलिस लाईन, ईमलीपारा, अग्रसेन चौक, मसानगंज एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. कुदुदण्ड फीडर	मिशन स्कूल, छ.ग. भवन, मिलन चौक, कुदुदण्ड माता चौरा, कोल सर्वे एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. गोड़पारा फीडर	चांटापारा, गोड़पारा, सिम्स हॉस्पीटल रोड, वाल्मिकी चौक, शनिचरी बाजार, अशोक राव गली, प्रताप चौक, तिलक नगर एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. सदर बाजार फीडर	करूणा चौक, उदल चौक, गोलबाजार, मिशन हॉस्पीटल, मध्यनगरी चौक, डॉ. आभा वर्मा, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. छत्तीसगढ़ भवन फीडर	तिलक नगर, छत्तीसगढ़ भवन, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. आडीटोरियम	आडीटोरियम
					HT Connection- CIMS hospital
2	सुबह 10.00 से 02.00 बजे	12.09.2026 शनिवार	33/11 के.व्ही. कोनी उपकेन्द्र	11 के.व्ही. इंजीनियरिंग कॉलेज फीडर	कृष्णा पब्लिक स्कूल, गुड़ाखू फैक्ट्री, गणेश कालोनी, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. लोखण्डी फीडर	लोखंडी, धुरी पारा, ग्राम पंचायत मंगला एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. लोधीपारा फीडर	कलश आवास कॉलोनी, पुराना सरकंडा, बर्तन फैक्ट्री एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. इमली भाठा फीडर	फॉरेस्ट कॉलोनी कोनी, अटल आवास, इमली भाटा एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. बिरकोना फीडर	बड़ा कोनी, सांई मंदिर, एवं आसपास का क्षेत्र।
			33/11 के.व्ही. यूनिवर्सिटी उपकेन्द्र	11 के.व्ही. बिरकोना (U) फीडर	बडी कोनी, पेट्रोल पंप, गणेश इन्क्लेव कंचन विहार, छोटी कोनी,, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. कोनी फीडर	रामायण नगर, रिवरव्यू कॉलोनी, थाना कोनी, कंट्री क्लब, आई. टी.आई. कालेज, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज एवं आसपास का क्षेत्र।
3	सुबह 10.00 से 02.00 बजे	13.09.2026 रविवार	33/11 के.व्ही. नेहरू नगर उपकेन्द्र	11 के.व्ही. महर्षि फीडर	सेंट फ्रांसिस, शांतिनगर, मंगला चौक, शिवम हाईट्स, अमेरी रोड, ठेठा डबरी, एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. जतिया तालाब फीडर	गांधी नगर, परिजात कॉलोनी, श्रीराम विहार, परिजात शीला, ओम गार्डन, अर्चना विहार एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. मुंगेली रोड फीडर	शुभम विहार, ओम जोन, मिनोचा कॉलोनी, ग्रीन गार्डन, नंद विहार, बचपन स्कूल के आसपास, नर्मदा नगर, नेहरू नगर गंगा नगर, मुंद्रा हॉस्पीटल, रोमन हाईट एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. सर्किट हाउस फीडर	लुबिना कोर्ट, गणेश चौक से मुंगेली नाका, लुथरा हॉस्पीटल एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. ईमरजेंसी फीडर	गणेश चौक, बलराम टॉकिज, कारगिल चौक, मेहता बिल्डिंग, गीताजंली अपार्टमेंट, पी.डी. धरमशाला एवं आसपास का क्षेत्र।
					HT Connection- Shri Ram care hospital, 36 City Mall, BSR Hospital, Haribhumi
4	सुबह 10.00 से 02.00 बजे	15.09.2026 मंगलवार	33/11 के.व्ही. मुक्तिधाम उपकेन्द्र	11 के.व्ही.लकडी टाल फीडर	मुक्तिधाम चौक, गुरूविहार, पाठक बगीचा एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. सीपत चौक फीडर	सीपत चौक, भारतीय स्टेट बैंक, जैन मंदिर, वीआइपी कालोनी, बुधीया काम्प्लेक्स, पारवती टावर एवं आसपास का क्षेत्र।
				11 के.व्ही. बंगालीपारा फीडर	बंगालीपारा, एवं आसपास का क्षेत्र।

" विद्युत संबंधित शिकायतें केंद्रीकृत कॉल सेंटर के फोन नं. 1912 पर दर्ज करावें।"
" विद्युत देयक का भुगतान नियमित करें" " असुविधा के लिये खेद है। "
संवाद- 48973

कार्यपालन अभियंता (न.सं.- दो) पश्चिम
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., बिलासपुर

प्रथम पृष्ठ का शेष

तीन शहर, तीन...

संभावना है। दरअसल छत्तीसगढ़ के आवारा कुत्तों का पंजीयन केंद्र सरकार के पशुधन पोर्टल पर किया जाएगा। साथ ही इसके माध्यम से कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण कार्यक्रमों की निगरानी बेहतर होगी तथा पशु कल्याण और जनसुरक्षा से जुड़े अभियानों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

छत्तीसगढ़ में रोज...

के मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं एक साल की रिपोर्ट में रायपुर में 15,953 मामले सामने आए थे। बिलासपुर में 12,000 से अधिक और दुर्ग जिले में 11,000 से अधिक लोग डॉग बाइट का शिकार हुए हैं।

ये है मामला...

के भारत पशुधन पोर्टल पर आवारा पशुओं का अनिवार्य पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आदेश के अनुपालन में की जा रही है। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में घूम रहे आवारा मवेशियों और आवारा कुत्तों का डिजिटल डाटाबेस तैयार करना, उनकी निगरानी को प्रभावी बनाना तथा पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

आवारा कुत्तों का ...

डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे उनकी पहचान, निगरानी और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध रहेगी। नगरीय प्रशासन विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं की संख्या का वास्तविक आकलन संभव होगा। छत्तीसगढ़ के शहरों में आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, यातायात बाधाओं और रेबीज जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

अब शहरों में...

करना होगा। साथ ही केंद्रों में किए गए नसबंदी और टीकाकरण की पूरी जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

बोले प्रधानमंत्री...

'झूठ की गूंज' के जरिए लोगों को गुमराह करने वाले हर चौराहे पर मिल जाएंगे, लेकिन भारत का युवा सच की गर्जना के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए ऐसी कनेक्टिविटी जरूरी है, जो सुगम होने के साथ समय के अनुरूप तेज भी हो। उन्होंने वडोदरा को गतिशक्ति यूनिवर्सिटी का शहर बताते हुए कहा कि यहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की आखिरी कड़ियां भी जुड़ गई हैं। उन्होंने बताया कि 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रोजेक्ट का काम पूरा हो चुका है। पीएम मोदी ने इसे 21वीं सदी के भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आधुनिक कनेक्टिविटी देश की आर्थिक गति को नई ताकत देगी।

इधर, पीएम के कार्यक्रम से पहले पकड़े गए दो संदिग्ध- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र दौरे से पहले मुंबई में उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक की खबर सामने आई है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम से एक दिन पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक के पास से बंदूक बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (एनएमएसीसी) में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। वह खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बता रहा था। हिरासत में लिए गए व्यक्ति की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उसके साथ एक बॉडीगार्ड भी था, जिसके पास बंदूक थी। मुंबई पुलिस के अनुसार, मामले की आगे की जांच मुंबई अपराध शाखा कर रही है।

दिल्ली के पूर्व...

मुताबिक, नोट में मानसिक तनाव और कई शारीरिक बीमारियों का जिक्र किया गया है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है. मौत से जुड़ी सभी परिस्थितियों की पड़ताल की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, राकेश मेहता की पत्नी सुमीता मेहता भी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। वह इन दिनों अपने बेटे से मिलने देहरादून गई हुई थीं। उनकी एक बेटी भी है, जो विदेश में रहती है। मेहता की पत्नी सुमीता मेहता जब अपने फ्लैट पर पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने उसे तोड़ा और फ्लैट के अंदर दाखिल हुई। अंदर राकेश मेहता फंदे से लटके मिले।

दिल्ली से लखनऊ...

में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए गो-अराउंड किया और दूसरे प्रयास में फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग कराई।

यह फ्लाइट दिल्ली से दोपहर 2:20 बजे रवाना हुई थी और 3:30 बजे लखनऊ पहुंचनी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लखनऊ हवाई अड्डे पर पहले लैंडिंग प्रयास के दौरान रनवे के पास विमान की स्थिति अस्थिर हो जाने पर पायलट ने लैंडिंग रद्द कर दी और विमान को वापस ऊंचाई पर ले गया। फिर कुछ देर बाद विमान दोबारा रनवे के पास पहुंचा और दूसरे प्रयास में पायलट ने सुरक्षित लैंडिंग कर ली। विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

रायबरेली में राहुल गांधी का कार्यक्रम : रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। राहुल अपनी यात्रा के दौरान जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पिछली दिशा बैठक की अध्यक्षता अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने की थी।

रायबरेली कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी दो दिनों के लिए दौरे पर रहेंगे।

20 किमी पैदल...

लेकर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा, बच्चियों को अपनी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए विद्यालय से पैदल निकलना पड़े, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि यदि विद्यालय में लंबे समय से बिजली सहित अन्य समस्याएं बनी हुई थीं, तो संबंधित अधिकारियों ने समय रहते उनका समाधान क्यों नहीं किया।

जांच कर जिम्मेदारी...

मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद स्कूल के प्राचार्य को हटाने और छात्रावास के वार्डन को नोटिस जारी किया गया है।

बिजली, पढ़ाई और...

केवल मौजूदा समस्याओं को दूर करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें छात्राओं की शिकायतें विद्यालय और छात्रावास स्तर पर ही समय पर सुनी जाएं और उनका समाधान किया जा सके।

जहां शिक्षामंत्री का...

से लेकर तमाम प्रशासनिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इधर, जिले भर की प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों का एक के बाद एक विद्युत विभाग ने बकाया बिजली बिल के भुगतान के लिए कनेक्शन काट दिया है। एक के बाद एक जिले भर के सैकड़ों स्कूलों का बिजली सप्लाई कट होने से स्कूलों के कामकाज अध्यापन पर बेहद असर पड़ रहा है।अंबागढ़ चौकी मोहला मानपुर में पदस्थ सहायक अभियंता एसके मिलिंद,अंबागढ़ चौकी के सहायक अभियंता बी कुर्रे ने बताया कि जिले में 599 से भी अधिक सरकारी शिक्षण संस्थानों का 41 लाख रुपए बिजली बिल महिनों से बकाया, है जिसके कारण स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली काटी जा रही। इस करवाई की सूचना विभाग प्रमुख को दे दी गई है।

अधूरे पुल पर...

खतरा तो अब भी बना हुआ है।

बता दें कि पिछले 4-5 वर्षों से करोड़ों रुपए की लागत से विशाल पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग द्वारा किया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है और निर्माण स्थल पर न तो पुल निर्माण संबंधित किसी भी प्रकार के सूचना पटल नहीं लगाया गया है, जिससे विवरण का पता चले। बहरहाल लगातार बारिश के कारण नदी में बाढ़ आने के कारण ग्रामीण और स्कूली छात्र इस अधूरे पुल पर जान जोखिम में डालकर आना जाना करने मजबूर हैं। एक लोहे की सीढ़ी से चढ़कर दर्जनों बच्चे इस पुल को पारकर देहरगुड़ा स्कूल पढ़ाई करने जा रहे थे। हरिभूमि में 1 सितम्बर को प्रमुखता के साथ खबर छपने के बाद संबंधित विभाग के अफसर इस अधूरे पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे और ग्रामीणों से भी चर्चा की थी। साथ ही संबंधित ठेकेदार को दिसम्बर 2026 तक पुल निर्माण पूरा करने का आदेश दिया गया है।

सिंगल सीढ़ी के...

दो दिन पहले विभाग के बड़े अफसर पहुंचे थे और उन्होंने अस्थाई तौर पर आने जाने के लिए रास्ता बनाने का निर्देश दिया। साथ ही ठेकेदार को दिसम्बर 2026 तक पुल निर्माण पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया है। लेकिन अफसरों के निरीक्षण कर जाने के बाद संबंधित ठेकेदार ने सेंट्रिंग प्लेट को एक दूसरे से जोड़कर सीढ़ी बनवा दिया है, जिसमें चलना तो दूर एक साथ बच्चे बैठ बैठकर उतर रहे हैं। इसमें पैर फिसलने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ कागजी खानापूर्ति करने के बजाय विभाग को जल्द से जल्द इस अधूरे पक्के पुल का निर्माण कार्य पूरा कराना चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को ...

जगदलपुर, अंबिकापुर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, रायपुर और सूरजपुर में अलग-अलग न्यायिक पदों पर काम किया है। उन्होंने बिलासपुर हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार (विजिलेंस) की जिम्मेदारी भी संभाली है। उन्होंने अंबिकापुर में एससी-एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश, दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश और सूरजपुर में कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में भी काम किया है।

'नहीं लगे थे मजहबी नारे, फैलाए गए एडिटेड वीडियो'

एजेंसी » देहरादून

उत्तराखंड के हल्द्वानी रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद हुई 'शुद्धिकरण' की घटना को लेकर कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला वकील अंजू की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 और 299 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(r) के तहत दर्ज किया गया है। आरोपों में जाति-आधारित भेदभाव, सामाजिक अपमान और अनुसूचित जाति के व्यक्ति के प्रति नफरत और तिरस्कार की भावना रखना शामिल है। हल्द्वानी के एसपी (क्राइम) डॉ. जगदीश चंद्र इस मामले की जांच करेंगे।

एडिटिंग के जरिए सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

अंजू ने कहा कि सोशल मीडिया पर एडिट किए गए वीडियो के जरिए ऐसी सामग्री प्रसारित की गई, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और लोगों के बीच सामाजिक मतभेद पैदा होने की स्थिति बनी। उनके मुताबिक, वीडियो में 'अल्लाह हू अकबर' जैसे भ्रामक शब्द जोड़कर प्रसारित किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे वीडियो सबसे पहले प्रसारित करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

जानबूझकर किया गया जाति को टारगेट, जोड़े गए भ्रामक शब्द

वकील अंजू का आरोप है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो प्रसारित कर 'अल्लाह हू अकबर' जैसे भ्रामक शब्द जोड़े गए और एक खास धर्म व जाति को टारगेट करने की कोशिश की गई। अंजू ने कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति, जाति या धर्म के खिलाफ अपमानजनक, भ्रामक या नफरत फैलाने वाली सामग्री की शिकायत नहीं की है। उनका कहना है कि इस मामले को सामान्य बयानबाजी या राजनीतिक मुद्दा कहकर टालना नहीं चाहिए। शुद्धिकरण का मामला गंभीर था और इसके बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो एडिट करके डाले गए।

स्लिदरिंग, बंधक बचाव का प्रदर्शन, भारत मंडपम से राजघाट तक मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) समेत देश के कई सुरक्षा बलों ने अपनी कमर कस ली है। इस वीकेंड होने वाले इस हाई-प्रोफाइल इवेंट के लिए मजबूत और कई स्तरों वाली सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन ब्रिक्स कवच' के तहत व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा तैयारियों के हिस्से के रूप में मंगलवार को लगभग 100 एनएसजी कमांडो ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल वेपन्स एंड टैक्टिक्स (एसडब्ल्यूटी) यूनिट के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर करीब चार घंटे तक मॉक ड्रिल की। यह अभ्यास सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच जवाहरलाल नेहरू (जेएनएल) स्टेडियम, राजघाट, भारत मंडपम और आर्मी पोलो ग्राउंड में आयोजित किया गया।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- समाज सेवी संस्था में कार्य करने हेतु नर्सिंग स्टाफ 2 (पुरुष/ महिला) योग्यता- ANM/ GNM, काउंसलर- 1 (पुरुष) योग्यता- MSW/ Psychology, केयर टेकर- 3 (पुरुष/ महिला) चाहिए सम्पर्क करें- 9131424290 (41803)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरा का कार्य करने हेतु दुकान में लड़के की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- Cyber Soft, गांधी चौक के पास बिलासपुर 9039246656 (41804)

आवश्यकता है- तिफरा स्थित डॉक्टर दंपत्ति के घर की देखभाल और घरेलू कामकाज हेतु लड़की/ महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है। 24घंटे वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7693965549, 7024975770, 70000 87824, 8770661585 (41807)

आवश्यकता है- ट्रक और स्कूटर शोरूम के लिए (1) Accountant (टैली, जीएसटी अनुभवी) (2) DMS Operator (BCA/ कम्प्यूटर इंजीनियर) (3) Technical Advisor (ट्रक सेन्टर अनुभवी) (4) Mechanic (इलेक्ट्रिक ट्रव्हीलर रिपेयरिंग अनुभवी) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8871717004, 8896200007 (41808)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल एजेन्सी (मेडिल काम्प्लेक्स) में आफिस वर्क एवं माल छोड़ने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7974670905 (41791)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर हार्डवेयर शॉप में कम्प्यूटर हार्डवेयर फ्री में सिखाना चाहते हैं टोटल प्रेक्टिकल और सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले लड़कों की। सम्पर्क करें- सोना कम्प्यूटर जैन प्लाजा सीएमडी चौक बिलासपुर- 98271 59612 (3189)

आवश्यकता है- गार्ड/ चौकीदार की मंगला चौक में निजी नर्सिंग होम में आवश्यकता है दिन एवं रात ड्यूटी हेतु अनुभवी की। सम्पर्क करें- 9826134710, 76938 07006 (41806)

आवश्यकता है-नर्स B.Sc/ GNM 3पद, वार्ड बॉय- 1पद, चौकीदार 1पद, ड्यूटी असिस्टेंट डॉक्टर 1पद, सुपरवाइजर कम्प्यूटर प्रशिक्षित 1पद चाहिए सम्पर्क करें- दोपहर 1बजे से 3बजे साईबाबा अस्पताल गौरव पथ बिलासपुर 9827150429(41792)

आवश्यकता है-कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य करने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर एवं ऑफिस वर्क हेतु कम्प्यूटर अनुभवी युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री बालाजी कंस्ट्रक्शंस,बिलासपुर 7974086925, 99079 25045 (41800)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है। रहना, खाना मुफ्त। पता - बलराम टॉकिज के पास, नेहरू नगर, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7748000222 (41802)

आवश्यकता है-मित्तल फर्नीचर अमेरी चौक बिलासपुर में छोटा हाथी चलाने के लिए ड्राइवर और दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्क करें 9826663999 (41793)

आवश्यकता है-सोनोग्राफी सेन्टर में रिपोर्ट टाइपिंग हेतु महिला टाइपिस्ट (अंग्रेजी में टाइपिंग का अच्छा अनुभव हो) एवं रिसेप्शन हेतु कम्प्यूटर जानकार लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9617782030 (41789)

आवश्यकता है-स्टेशनरी दुकान में साफ सफाई एवं सामान पैकिंग कार्य करने के लिये लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुबेर स्टेशनरी डिस्ट्रीब्यूटर्स खपरगंज बिलासपुर 98933 32575 (41799)

आवश्यकता है- जमनीपाली कोरबा छ.ग. में सुरक्षाप्रहरी के पद पर कार्य हेतु भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है। वेतन एवं अन्य सुविधाये डीजीआर के नियमानुसार। सम्पर्क करें- मेसर्स हृदेश अरोरा सिक्यूरिटी एजेन्सी 7724877985 (41809)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (41704)

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + खाना फ्री, 96309 किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 22589, 9893029618 (501)

आवश्यकता है-राजेन्द्र नगर स्थित घर में साफ सफाई एवं अन्य घरेलू कार्य हेतु लड़की या महिला की आवश्यकता है। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 8085222340, 70007 27385 मंगला चौक के पास बिलासपुर (41787)

आवश्यकता है-100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक सच्ची रोजगार देने वाली righteous limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000, 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 9584000909, 84358 03535, 7067084579 (20651)

आवश्यकता है-फोर व्हीलर वर्कशॉप हेतु लड़के/लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन प्यून चाहिए। वेतन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज इंदु चौक के पास मगरपारा रोड बिलासपुर (41738)

आवश्यकता है- ट्रव्हीलर एजेन्सी में सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, सर्विस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, डिजिटल कॉलिंग एग्जीक्यूटिव, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9039167202 (41785)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने, पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। मिलें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (41765)

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य करने हेतु शिक्षित युवक एवं दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विकास प्लाईवुड रघुराज स्टेडियम के पीछे इमलीपारा रोड बिलासपुर 87707 74040, 9827950292 (41786)

आवश्यकता है-रेस्टोरेंट में ऑल राउंडर एवं साउथ इंडियन कुक, टिफिन सर्विस हेतु महिला, किचन हेल्पर, डिलिवरी ब्वॉय, सफाई कर्मचारी चाहिए पता- ईडन कैफे एंड रेस्टोरेंट इंदु चौक के पास बिलासपुर 9171721747 (41788)

आवश्यकता है-रायपुर में नवजात शिशु एवं माता की देखभाल हेतु 30 से 45वर्ष की अनुभवी महिला की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 महीना रहना, खाना फ्री। सम्पर्क करें-99937 11248, 9109511248 (41790)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट सुपरवाइजर (अनुभवी एवं चलाने योग्य) (2) ऑफिस मैनेजर, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 98270 72000 (41763)

आवश्यकता है- दवाई दुकान में ड्राइवर की आवश्यकता (जो ऑटोमेटिक डिजायर और वैगनर चला सके कार्य समय सुबह 9.15 से रात 8.30) पता- जैन मेडिकल नियर सिम्स हॉस्पीटल मेडिकल कॉलेज गोंडपारा बिलासपुर (41778)

आवश्यकता है-नाइट ड्यूटी हेतु नर्स एवं घर में खाना बनाने हेतु महिला या पुरुष की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 9981970853 (41781)

आवश्यकता है-चाय पत्ती के फैक्ट्री में पैकिंग हेतु लेडिस लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 0771-4075490, 79879 27854, 9753674707 (842)

किराया

किराया- Workshops किराये पर उपलब्ध है गोदाम (Godown) हेतु वर्कशॉप अति शीघ्र किराये पर देना है। स्थान- शिव मन्दिर के पास विद्या नगर बिलासपुर इच्छुक व्यक्ति तत्काल सम्पर्क करें- 9343335328 (41784)

फाइनेंस

फाइनेन्स-प्रगति फाइनेंस द्वारा कृषि, बिजनेस, पर्सनल, लघु उद्योग, आधार कार्ड, समूह लोन, होम लोन पर कम समय आसान किस्त 2% ब्याज 40% छूट 50000 से 40लाख समस्त लोन कराये- 7606809537, 75877 08423 (4349)

बेचना है

बेचना है-बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54 =4077 वर्गफुट। सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)

किराया से चाहिए

किराया - छ.ग. बटालियन एनसीसी भारतीय नगर बिलासपुर के कमान अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी हेतु व्यापार विहार एवं नया हाईकोर्ट रोड बिलासपुर के आसपास दो स्वतंत्र मकान किराये से चाहिए। मकान का किराया अनुबंध हर तीसरे वर्ष नवीनीकरण होगा। मकान किराये में देने हेतु 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें- 9424294835 पता- 7 छ.ग. बटालियन एनसीसी भारतीय नगर बिलासपुर (41805)

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए, पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वीं, 12वीं पास करें:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4171)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी कर्ज उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्प्लेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाईजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाईजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाईजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाईजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाईजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- क्षिप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवरटाईजमेंट:- मो. 8109229025

नंबर-1 बनने से महज एक कदम दूर रायबाकिना

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

एलेना रायबाकिना ने नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और अब वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनने से केवल एक जीत दूर हैं। उन्हें रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए झेंग किनवेन को हराना है, जो आसान नहीं होगा। रायबाकिना ने चौथे दौर में ओसाका के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना सेमीफाइनल में जगह बनाने पर एरीना सबालेंका को पछाड़कर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगी।

पहली बार यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल कोको

इस बीच कोको गॉफ ने नंबर 14 इवा जोविच को 6-1, 6-4 से हराकर 2023 में खिताब जीतने के बाद पहली बार यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना फ्रेंच ओपन चैंपियन और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया।

ज्वेरेव ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट

यूएस ओपन में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव का शानदार प्रदर्शन जारी है। ज्वेरेव ने इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-2, 7-6(3) से हराकर हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने अपनी सर्व और हैवी बेसलाइन हिटिंग का इस्तेमाल करके डार्डेरी पर लगातार दबाव बनाए रखा। यहां तक कि जब 21वें सीड वाले डार्डेरी ने शुरुआती सेट में देर से अपनी सर्व टेस्ट की, तब भी ज्वेरेव ने दूसरे सेट में एक और गियर ढूंढने से पहले मजबूती से पकड़ बनाए रखी। डार्डेरी तीसरे सेट में उस रिदम को तोड़ने में कामयाब रहे। ज्वेरेव ने धैर्य बनाए रखा और अहम मौकों पर नियंत्रण के साथ खेला तीसरा सेट भी अपने नाम किया। जीत के साथ ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव सभी चार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले खिलाड़ी बन गए हैं।

शानदार फॉर्म का कमाल, टॉप-5 में जमीं स्मृति, टी20 रैंकिंग में दबदबा

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ महिला एशिया कप के मुकाबले में 124 रन की शानदार पारी के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

मंधाना ने 64 गेंदों में 124 रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने हांगकांग को 137 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस दौरान मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह सभी प्रारूपों को मिलाकर महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उनके नाम अब 10,880 रन हैं और उन्होंने भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यह मंधाना का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18वां शतक भी था। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली बल्लेबाजों की सूची में सबसे आगे निकल गईं। टी20 रैंकिंग में मंदाना पांचवें स्थान पर कायम हैं।

दीप्ति ने लगाई दो पायदान की छलांग

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दो पायदान की छलांग लगाई है। वह गेंदबाजों की रैंकिंग में अब छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्हें बल्ले और गेंद दोनों से उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में दीप्ति पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। एशिया कप में भारत के लिए उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन से टीम में उनकी अहम भूमिका भी साफ होती है। यूएई की कप्तान ईशा ओझा एसोसिएट देशों की प्रमुख खिलाड़ियों में अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रही हैं। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष 20 में जगह बनाने से वह मामूली अंतर से चूक गई।

दलीप ट्रॉफी फाइनल : कप्तान तिलक अर्धशतक लगाकर नाबाद, पडिक्कल ने बनाए 62 रन

ईस्ट जोन के 708 रनों के जवाब में साउथ जोन संघर्षरत, गिरे 6 विकेट

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। पहली पारी में 708 रन बनाने के बाद इस टीम ने तीसरे दिन की समाप्ति तक 242 के स्कोर तक साउथ जोन के 6 विकेट हासिल कर लिए हैं। फिलहाल, साउथ जोन की टीम ईस्ट जोन से 466 रन पीछे है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रनों का विशाल स्कोर बनाया।

- साउथ जोन की टीम ईस्ट जोन से 466 रन पीछे
- शमी ने 11 ओवर में 17 रन देकर चटकाए 2 विकेट

साउथ जोन ने तीसरे दिन की समाप्ति तक 80 ओवरों का सामना किया, जिसमें 6 विकेट खोकर 242 रन जुटाए। इस टीम ने 10 के स्कोर पर रिकी भुई (1) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने नारायण जगदीशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 70 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

तिलक वर्मा ने लगाई फिफ्टी

आर स्मरण 23 रन बनाने के बाद शमी के दूसरे शिकार हो गए। इससे 174 के स्कोर पर साउथ जोन की आधी टीम पवेलियन लौट गई। ऐसे में तिलक ने एक छोर थामा और दूसरी तरफ से श्रेयस गोपाल ने उनका साथ दिया। इन दोनों ने मिलकर सेमीफाइनल में भी साउथ जोन को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। मगर फाइनल में ऐसा हो न सका। कुरैशी ने गोपाल (26) को अपनी ही गेंद पर लपककर वापस भेजा। इस बीच तिलक ने अर्धशतक पूरा किया। वे 133 गेंद खेल चुके हैं और 56 रन बनाकर खेल रहे हैं।

शमी की कमाल की बॉलिंग

ईस्ट जोन के लिए मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार को 2-2 विकेट हाथ लगे। इनके अलावा, कौनेन कुरैशी और शिखर मोहन ने 1-1 विकेट चटकाया। शमी ने कमाल की बॉलिंग की।

129 के स्कोर पर गंवाए 4 विकेट

टीम ने 129 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभालते हुए स्मरण रविचंद्रन (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन और श्रेयस गोपाल (26) के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।

पडिक्कल अर्धशतक बनाकर लौटे

पडिक्कल ने अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने भारत की तरफ से श्रीलंका दौरे पर दोनों टेस्ट में दो शतक बनाए थे। हालांकि दलीप ट्रॉफी फाइनल में वे शतक नहीं बना सके। मुकेश ने उनकी पारी का अंत किया। पडिक्कल ने 104 गेंद खेली और चार चौकों से 62 रन बनाए।

चैपमैन ने किया कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ औपचारिक केंद्रीय अनुबंध के बजाय 'कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट' का विकल्प चुना है लेकिन वह भारत के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने चैपमैन के इस फैसले की घोषणा की। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'चैपमैन भारतीय टीम के दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और टिम सीफर्ट सहित चार अन्य 'कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट' वाले खिलाड़ी भी उपलब्ध रहेंगे।'

HDFC BANK
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001, Tel: 0771-4243149/149
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

सूचना

हमारे कार्यालय द्वारा दिनांक **08.09.2026** को हरिभूमि एवं सेंट्रल क्रॉनिकल में प्रकाशित ई-नीलामी विक्रय सूचना के **सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 24-अगस्त-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे** भूलवश प्रकाशित हो गया है जिसे सुधार कर **सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय:-24-सितंबर-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे** पढ़ा एवं समझा जावे।

प्राधिकृत अधिकारी, एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस की कमान संभालेंगे वार्नर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल)' के तीसरे सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। टीम का सह-स्वामित्व अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के पास है। तीसरे सत्र से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में टीम ने अपनी नई पहचान का अनावरण किया। इसी दौरान पोंटिंग को पुणे के रहने वाले पुनीत सिंह के साथ फ्रेंचाइजी का सह-मालिक घोषित किया गया। वार्नर को टीम में नए प्रमुख खिलाड़ी के रूप में शामिल किए जाने की भी घोषणा की गई।

विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज : भारत ने दो गोल्ड समेत जीते पांच पदक

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

भारतीय तीरंदाजों ने पैरा तीरंदाजी विश्व सीरीज के समापन से एक दिन पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। पुरुषों की कंपाउंड और रिकर्व टीमों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि स्वाति चौधरी ने एक ही दिन में दो पदक हासिल किए। मौजूदा विश्व चैंपियन तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष कंपाउंड जोड़ी ने इराक को 152-139 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह और विजय सुंडी की रिकर्व जोड़ी ने स्लोवाकिया को 6-2 से पराजित कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

स्वाति ने हासिल किए दो पदक

महिला रिकर्व टीम में भावना और पूजा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के हाथों 0-6 (23-34, 33-35, 30-31) से हार मिली। स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू-1 (रिकर्व/कंपाउंड) स्पर्धा में रजत पदक जीता। स्वाति ने व्यक्तिगत डब्ल्यू-1 वर्ग में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। उन्होंने व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) के झंडे के तहत खेल रही रूस की एलेना क्रुतोवा को 6-2 से हराया। इस तरह स्वाति ने एक ही दिन में रजत और कांस्य, दोनों पदक हासिल किए।

कंपाउंड टीम में स्वामी और तोमन ने जीता गोल्ड

स्वामी और तोमन ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा के फाइनल में इराक के अब्बास कादिम और अनवर अलदावोद को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद जल्द ही लय हासिल कर ली और फिर उसे जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। हरविंदर और सुंडी ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया के डेविड इवान और डेनिस इवान को 6-2 (34-37, 36-31, 38-34, 35-31) से हराया।

अंडर-19 टीम में शामिल सवसानी और बलोदा

नई दिल्ली। सौराष्ट्र के आर्यन सवसानी और हरियाणा के तन्मय बलोदा को उम्र में धोखाधड़ी के मामले में बाहर किए गए रोहित यादव के स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई ने कहा कि सवसानी और बलोदा क्रमशः एकदिवसीय और बहुदिवसीय भारतीय टीमों में यादव की जगह लेंगे। बीसीसीआई ने बताया, 'जूनियर चयन समिति ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के आर्यन सवसानी को रोहित यादव के स्थान पर भारत की अंडर-19 वनडे टीम में, जबकि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तन्मय बलोदा को बहुदिवसीय टीम में शामिल किया है।' भारत अंडर-19 टीम राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच और पहला बहुदिवसीय मैच खेलेगी, जबकि दूसरा बहुदिवसीय मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा।

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/231/स्था./2026-27 — दिनांक 07/09/2026

अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी में प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक ग्रंथपाल एवं क्रीडाधिकारी के रिक्त पदो के विरूद्ध अध्यापन / पुस्तकालय/खेल-कूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताकारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ाधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथालय सहायक/क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनाँक 17.09.2026 को सांय 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक वाहक हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। (1) वाणिज्य, प्राध्यापक - 01 पद, (2) अंग्रेजी - 01 पद, सहायक प्राध्यापक (3) क्रीडाधिकारी - 01 पद, (विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट www.govtlahiripgcollege.in एवं महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है) नोट : रिक्तियाँ आवश्यकता अनुसार भरी जायेगी।

प्राचार्य, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर-चरचा, जिला कोरिया (छ.ग.)

क्र./1070/लो.नि.वि. टेण्डर/न.पा.प./2026 — शिवपुर - चरचा, दिनाँक 08/09/2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ आमंत्रण)

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद् शिवपुर चरचा के द्वारा 15वाँ वित्त आयोग से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का पी.डब्ल्यू.डी एस.ओ.आर. (सड़क) 01-01-2025 से तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलनों के आधार पर एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से चार लिफाफा पद्धति में मुहरबंद निविदा दर स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफे में निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक, कार्य का नाम, लागत राशि, टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. का विवरण तथा बैंक ड्राफ्ट का विवरण लिफाफा के ऊपर अंकित होने पर ही लिफाफा स्वीकार किया जायेगा।

निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि व समय - 21-09-2026 अपराह्न 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि व समय - 21-09-2026 अपराह्न 04.00 बजे से

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र शुल्क (बैंक ड्राफ्ट)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यावधि
1.	वार्ड क्र. 12 में टीना दफाई महेश घर से राजेन्द्र लोहार घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	6.53	5790.00	750.00	सक्षम श्रेणी	3 माह
2.	वार्ड क्र. 13 में पी.पी. ठाकुर घर से गुप्ता दुकान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	5.14	5000.00	750.00	सक्षम श्रेणी	3 माह
3.	वार्ड क्र. 15 में बालमुकुंद घर से कालिया दुकान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	6.42	5690.00	750.00	सक्षम श्रेणी	3 माह
4.	वार्ड क्र. 15 में मेन रोड जगन्नाथ मंदिर गेट से जगन्नाथ मंदिर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	6.42	5690.00	750.00	सक्षम श्रेणी	3 माह

उपरोक्त कार्य विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र फार्म 'ए' डाऊनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी. के रूप में तथा अमानत राशि एफ.डी.आर/टी.डी.आर. के रूप में निविदा दस्तावेज सहित चार लिफाफा पद्धिति के माध्यम से स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के द्वारा भेजी जावे। निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है अथवा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा,
जिला - कोरिया (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत पटना जिला-कोरिया (छ.ग.)

Email.id cmonppatna@gmail.com

क्रमांक / 232 / लो.नि.वि./न.पं./2026-27 — **// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //** — पटना, दिनांक 8/9/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पटना की ओर से 15वें वित्त मद अन्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/या ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी (भवन) एस.ओ.आर. 20.04.2026 एवं CG PHED एस.ओ.आर. 01.06.2020 से प्रभावशील लागत, अधिक या कम प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु त्रि-लिफाफा पद्धति द्वारा फार्म 'ए' मोहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

जो निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जावेगी।

01. निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 23/09/2026 समय 3:00 बजे तक
02. प्राप्त निविदा खोलने की तिथि - 23/09/2026 समय 5:00 बजे सांय।

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार /सप्लायर	कार्य की अवधि
1.	वार्ड क्र.01 में संत लाल के घर से मुन्नु चाफेकर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	4.14	3200.00	750.00	सक्षम श्रेणी	03 माह
2.	वार्ड क्र.09 में इरफान मेडिकल शॉप से बालेन्दु सागर तालाब तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	1.03	2000.00	300.00	सक्षम श्रेणी	02 माह
3.	वार्ड नं.02 में थाना से सती मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	2.44	2000.00	750.00	सक्षम श्रेणी	03 माह
4.	वार्ड नं. 13 में बुद्ध यादव पी.एम. आवास से परसापारा रोड में बोर ड्रिलिंग व पाईप लाईन कार्य। (निविदा दर समस्त करों सहित प्रस्तुत करें)।	4.41	3400.00	750.00	सक्षम श्रेणी	03 माह
5.	वार्ड नं. 14 में आर्दश चौक से कुड़ेली रोड में बोर ड्रिलिंग व पाईप लाईन कार्य। (निविदा दर समस्त करों सहित प्रस्तुत करें)।	6.61	5000.00	750.00	सक्षम श्रेणी	03 माह
6.	वार्ड नं. 02 में राजकुमार के घर से सती मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	8.53	6400.00	750.00	सक्षम श्रेणी	03 माह

उपरोक्त कार्य की निविदा की समस्त शर्तें / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति / निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in. में देखी एवं निविदा फार्म डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पटना, जिला-कोरिया (छ.ग.)

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 — REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी. अ.- 02092026-275917
CG-CG-E-02092026-275917
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4640] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 31, 2026/भाद्र 9, 1948
No. 4640] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 31, 2026/BHADRA 9, 1948

रेल मंत्रालय
(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)
शुद्धिपत्र
बिलासपुर, 14 अगस्त, 2026
रेल अधिनियम 1989 की धारा 20ङ के अंतर्गत सूचना

का.आ. 4827 (अ)— केन्द्रीय सरकार ने रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसके पश्चात अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग (ii) खण्ड 3, उपखण्ड (ii) तारीख 30 अप्रैल 2026 में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना संख्या का आ. 2172 (अ.) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट जो कि विशेष रेल परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के **"दाधापारा बिलासपुर बीच चौथी लाईन (3.48 कि.मी.)"** परियोजना का निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले में निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंध और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी।

और उक्त अधिसूचना का सार, उक्त अधिनियम कि धारा 20 (क) की उपधारा (4) के अधीन दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों, अर्थात नवभारत- बिलासपुर संस्करण (हिंदी में) दैनिक भास्कर-बिलासपुर संस्करण (हिंदी में) The Hitvada- Raipur Edition (in English) को प्रकाशित कर दिया गया था।

और सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुआ। और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20 (ङ) कि उपधारा (1) के अनुसरण में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

अत: अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20 (ड.) की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उपाबद्ध अनुसूची भूमि विनिर्दिष्ट भूमि पुर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

अत: यह कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 (ङ) कि उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना में राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

अनुसूची
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दाधापारा से बिलासपुर के बीच चौथी लाईन (3.48 कि.मी.) परियोजना का निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले में अधिग्रहण किये जाने के लिए संरचना के सहित या उनके रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण-

जिले का नाम - बिलासपुर, ग्राम का नाम- तिफरा, तहसील - बिलासपुर, भूमि का प्रकार - निजी भूमि

क्रमांक	तहसील का नाम	गांव का नाम	खसरा/ प्लाट संख्या	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भूमि की किस्म	भूमि स्वामी
1	बिलासपुर	तिफरा	1496	0.012	पड़त	अशोक कोरी पिता दुजराम कोरी
2			1497/10	0.028	पड़त	अशोक कोरी पिता दुजराम कोरी
3			1497/11	0.048	पड़त	अशोक कोरी पिता दुजराम कोरी
4			1495/4	0.071	पड़त	कैलाश दयालानी पिता इन्द्रलाल
5			1495/3	0.049	पड़त	झाडू वगै.
6			1495/2	0.039	पड़त	संतोष उर्फ गुड्डा पिता दुजराम
7			1494	0.050	पड़त	जवाहर पिता दुजराम
			योग	0.297 हे.		

जिले का नाम - बिलासपुर, ग्राम का नाम- तिफरा, तहसील बिलासपुर, भूमि का प्रकार - शासकीय भूमि

क्रमांक	तहसील का नाम	गांव का नाम	खसरा/ प्लाट संख्या	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भूमि की किस्म	भूमि स्वामी
1	बिलासपुर	तिफरा	1491/1	0.072	पड़त	शासकीय भूमि
			योग	0.072 हे.		

कुल योग:- 0.369 हेक्टेयर

[फा.सं. डी.सी.ई.-II/कॉन /आर/ चौथी लाईन/दाधापारा बिलासपुर /20ई]

सीपीआर/10/पीएच/381 — *मुदित भटनागर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)*

1300 साल पुरानी परंपरा, हर 20 साल में तोड़ दिया जाता है यह पवित्र मंदिर

जापान में एक ऐसा मंदिर है, जहां नई इमारत बनाने के लिए पुरानी इमारत को गिराना कोई नुकसान नहीं, बल्कि परंपरा है। यहां वक्त गुजरने के साथ मंदिर बूढ़ा नहीं होता, क्योंकि उसे बूढ़ा होने का मौका ही नहीं दिया जाता। हर 20 साल बाद मंदिर को तोड़ा जाता है और ठीक वैसा ही नया मंदिर उसके बगल में खड़ा कर दिया जाता है।

टोक्यो। यह कहानी है जापान के इसे शहर में मौजूद इसे जिंगू की, जिसे शिंतो धर्म के सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। इसे जिंगू कोई अकेला मंदिर नहीं, बल्कि विशाल परिसर में फैले 100 से ज्यादा धार्मिक स्थलों का समूह है। इनमें दो सबसे महत्वपूर्ण हैं- नाइकू यानी इनर श्राइन और गेकू यानी आउटर श्राइन। नाइकू को खास तौर पर सबसे पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि यहां जापानी शाही परिवार से जुड़े पवित्र दर्पण को रखा गया है। इसकी परंपरा सदियों पुरानी है और इसका इतिहास प्राचीन जापान तक जाता है। इस मंदिर की सबसे हैरान करने वाली बात इसकी उम्र नहीं, बल्कि इसे बार-बार नया बनाने की परंपरा है। हर 20 साल में नाइकू और गेकू के मुख्य मंदिरों के साथ उजी ब्रिज का भी पुनर्निर्माण किया जाता है। पुराना मंदिर तोड़ा जाता है और उसके ठीक बगल में बने दूसरे स्थान पर नया मंदिर तैयार होता है। फिर अगली बार यही प्रक्रिया उलट जाती है यानी मंदिर की जगह बदलती रहती है, लेकिन उसकी बनावट, डिजाइन और परंपरा लगभग उसी रूप में आगे बढ़ती रहती है।

फिर करोड़ों से होता है पुनर्निर्माण!

दुनिया की अस्थिरता का प्रतीक

यह सिलसिला करीब 1,300 साल से चला आ रहा है। 2013 में हुए पुनर्निर्माण को इस परंपरा का 62वां संस्करण माना गया। अगला बड़ा पुनर्निर्माण 2033 होगा. शिंतो दर्शन में इसे प्रकृति के जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म तथा दुनिया की अस्थिरता का प्रतीक माना जाता है। लेकिन, इसके पीछे एक बेहद व्यावहारिक सोच भी है, जिसमें से सबसे प्रमुख पुरानी पीढ़ी से नई पीढ़ी तक मंदिर बनाने की तकनीक और कारीगरी पहुंचती रहे।

मंदिर बनाने से पहले निकालते हैं लकड़ी के लट्ठे

अब जरा उस नजारे की कल्पना कीजिए। मंदिर बनने से पहले यहां ओकिहिकी फेस्टिवल होता है। आसपास के इलाकों के हजारों लोग विशाल लकड़ी के लट्ठों को सड़कों से खींचकर ले जाते हैं। ये लकड़ियां जापानी साइप्रस यानी हिनोकी पेड़ों से तैयार की जाती हैं। मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी की जरूरत पड़ती है और कई पेड़ 200 साल से भी ज्यादा पुराने होते हैं। पूरी प्रक्रिया कोई दो-चार महीने का काम नहीं। पुनर्निर्माण से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान और समारोह मिलाकर यह सिलसिला कम से कम आठ साल तक चलता है।

आखिर हर 20 साल में इसे तोड़ना ही क्यों?

हमारे जेहन में सवाल यह उठता है कि आखिर इस मंदिर को हर 20 साल में तोड़ा क्यों जाता है? इसका जवाब शायद जापान की पुरानी जीवनशैली में छिपा है। प्राचीन जापान में अनाज रखने वाले लकड़ी के गोदाम भी हर कुछ दशकों में दोबारा बनाए जाते थे। लकड़ी, खंभों और छप्पर की उम्र सीमित होती थी। इसलिए पुरानी संरचना हटाकर नई संरचना बनाना धीरे-धीरे परंपरा बन गया। इसी सोच ने आगे चलकर इसे जिंगू की अनोखी परंपरा का रूप ले लिया। दुनिया जहां पुरानी इमारत को बचाने के लिए संघर्ष करती है, वहीं जापान का यह मंदिर कुछ और ही कहानी सुनाता है।

रोचक खबरें

महिला के पेट से निकले 14 पेन 5 चम्मच और एक मोमबत्ती

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के मुख्यालय नरसाराओपेट स्थित एक निजी अस्पताल से एक बेहद हैरान करने वाला और मेडिकल जगत को चकित कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सीने में दर्द की शिकायत लेकर पहुंची 33 वर्षीय महिला की जब डॉक्टरों ने जांच की, तो उसके पेट के अंदर का नजारा देखकर सब हैरान रह गए। महिला के पेट में 14 पेन, 5 लकड़ी के चम्मच और एक मोमबत्ती मौजूद थी। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर इन सभी चीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

जानकारी के अनुसार, पेटलुरिवारीपलेनी मंडल की रहने वाली 33 वर्षीय विवाहित महिला को पिछले कुछ समय से सीने में तेज दर्द की शिकायत थी। शनिवार को जब दर्द असहनीय हो गया, तो परिजन उसे आनन-फानन में नरसाराओपेट स्थित माताश्री अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जब कई तरह के मेडिकल टेस्ट और स्कैन किए, तो महिला के पेट के अंदर असामान्य वस्तुएं होने की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने महिला का ऑपरेशन करने का फैसला लिया। पेट में एक छोटा सा छेद करके (लैप्रोस्कोपिक सर्जरी) 14 पेन, 5 लकड़ी के चम्मच और 1 मोमबत्ती को सफलता पूर्वक बाहर निकाला गया।

हॉप शूट्स है दुनिया की सबसे महंगी सब्जी मंगाने के लिए करना पड़ता है ऑर्डर

न्यूयार्क। दुनिया की सबसे महंगी सब्जी का नाम हॉप शूट्स है, जो सामान्य सब्जी नहीं है। यह सब्जी शायद ही सब्जी मंडी या और दूसरी सब्जियों की तरह अन्य बाजार में मिलती हो। इस सब्जी को ऑर्डर करके मंगाया जा सकता है। बाजार में हॉप शूट्स सब्जी की कीमत 80 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक होती है। हॉप शूट्स की एक किलो दाम में आम आदमी एक हीरे की अंगूठी खरीद है। उत्तरी अमेरिका में हॉप शूट्स हरे और शंकु के आकार के फूल होते हैं। इस सब्जी का इस्तेमाल बीयर बनाने में होता है। इसके साथ ही इस सब्जी का इस्तेमाल तपेदिक के इलाज में होता है। माना जाता है कि इसके डंठल तपेदिक के इलाज के लिए काफी प्रभावी माने जाते हैं। हॉप शूट्स का इस्तेमाल दवाइयां बनाने में भी किया जाता है। हॉप्स को एक नियमित तापमान और छंटाई की आवश्कता होती है। कई वर्षों से यह सब्जी इसी कीमत पर बिक रही है। दुनिया की सबसे महंगी सब्जी की कीमत अलग-अलग होती है, क्योंकि इसकी कीमत इसके क्वालिटी पर भी निर्भर करती है। बेहद दुर्लभ सब्जी हॉप शूट्स का इस्तेमाल अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग रूप में किया जाता है। हॉप शूट्स के फूलों को हॉप कोन्स कहा जाता है, जिनका का इस्तेमाल बीयर बनाने में होता है। इसके अलावा इस सब्जी के टहनियों को कई अलग-अलग तरह से खाने में भी इस्तेमाल होता है। दुनिया में कई सब्जियां महंगी बिकती हैं, लेकिन यह सब्जी बेहद महंगी है।

तकनीक

अनोखा हॉस्पिटल! नहीं मिलेगा कोई डॉक्टर-नर्स

एआई स्कैनर बता देगा बीमारी और इलाज

बीजिंग। चीन दुनियाभर में तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल अब आम होता जा रहा है। हालिया खबरों में दावा किया जा रहा है कि चीन में कुछ अस्पताल ऐसे बन गए हैं, जहां डॉक्टर या नर्स नजर नहीं आते।

मरीज को सिर्फ एक एआई स्कैनर मशीन के सामने खड़ा होना पड़ता है, जो स्कैन करके बीमारी बता देती है और इलाज का तरीका भी सुझा देती है। यह खबर सोशल मीडिया और कुछ रिपोर्ट्स में चर्चा में है ,लेकिन असलियत कुछ अलग और अधिक संतुलित है। वास्तव में चीन में एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी प्रगति हुई है। सिंघुआ विश्वविद्यालय ने 'एआई एजेंट हॉस्पिटल' लॉन्च किया है, जिसमें 21 विभागों में दर्जनों एआई 'डॉक्टर' एजेंट काम करते हैं।

एआई या इंसानी डॉक्टर्स बेस्ट?

मेडिकल जजमेंट, जटिल मामलों का हैंडलिंग, मरीज से सहानुभूति और नैतिक जिम्मेदारी मानव डॉक्टरों की जरूरत है। कई चीनी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर युवा डॉक्टर शुरू से ही एआई पर निर्भर हो गए तो उनकी क्लिनिकल सोच कमजोर पड़ सकती है। इसलिए एआई को 'को-पायलट' या सहायक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है ना कि पूर्ण प्रतिस्थापन के रूप में। चीन में डॉक्टरों की कमी और बढ़ती बुजुर्ग आबादी के कारण एआई को बढ़ावा दिया जा रहा है। बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव बहुत ज्यादा होता है। एआई रिपोर्ट तैयार करने, प्रारंभिक डायग्नोसिस और रूटीन कामों में मदद करके डॉक्टरों का बोझ कम करता है। कुछ जगहों पर रोबोटिक सिस्टम सर्जरी में सहायता करते हैं। अल्ट्रासाउंड रोबोट जैसी तकनीकें भी आ रही हैं। मरीजों के लिए यह सुविधाजनक हो सकता है। लंबी कतारें कम हो सकती हैं, शुरुआती जांच तेज हो सकती है और दूर-दराज के इलाकों में भी बेहतर सेवा पहुंच सकती है। लेकिन प्राइवेसी, डेटा सुरक्षा, गलत डायग्नोसिस की जिम्मेदारी और रेगुलेशन जैसे मुद्दे अभी भी चुनौती हैं। सरकार और अस्पताल इन पर काम कर रहे हैं।

हो रहा है एक्सपेरिमेंट

हैनान प्रांत के बोआओ में 'सुपर एआई हॉस्पिटल' जैसी सुविधाएं शुरू हुई हैं, जहां एआई ट्राइएज, रिस्क अलर्ट, मेडिकल रिकॉर्ड्स का विश्लेषण और ट्रीटमेंट मैचिंग में मदद करता है। मरीज फोन पर लक्षण अपलोड कर सकते हैं और एआई प्रारंभिक सलाह देता है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर के पास पहले से तैयार केस समरी होती है। इलाज के बाद फॉलो-अप और दवा अलर्ट भी एआई संभालता है। फिर भी मानव डॉक्टर मौजूद रहते हैं और अंतिम फैसला उन्हीं का होता है।

इमेजिंग सिस्टम चीन के कई अस्पतालों में सक्रिय

एआई स्कैनर और इमेजिंग सिस्टम चीन के कई अस्पतालों में सक्रिय हैं। सीटी स्कैन, एमआरआई और अन्य इमेजिंग में एआई असामान्यताओं को जल्दी पकड़ लेता है। अलीबाबा के डीएएमओ अकादमी जैसे संस्थानों ने पैंक्रियाटिक कैंसर जैसी बीमारियों के शुरुआती चरण का पता लगाने वाले मॉडल विकसित किए हैं। कुछ सिस्टम एक स्कैन में कई तरह की असामान्यताएं चिन्हित कर सकते हैं। कार्डियोलॉजी में भी एआई सिस्टम डॉक्टरों की मदद कर रहे हैं। लेकिन, विशेषज्ञ साफ कहते हैं कि एआई अभी डॉक्टरों की जगह पूरी तरह नहीं ले सकता।

400 साल पुराना कुआं यहां एक डुबकी लगाते ही दूर हो जाते हैं रोग

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले अंतर्गत सदाशिवपेट के राघवेंद्रनगर में स्थित एक प्राचीन सीढ़ीदार कुआं (बावड़ी) आज भी इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। स्थानीय लोग इसे 'पुष्करिणी'मानकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजते हैं। लगभग 400 वर्ष पूर्व निर्मित यह भव्य संरचना आज भी पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें निरंतर जल भरा रहता है, जो हमारे पूर्वजों के बेजोड़ इंजीनियरिंग कौशल और दूरदर्शिता को दर्शाता है।

यह ऐतिहासिक कुआं केवल पेयजल का स्रोत नहीं, बल्कि अत्यंत पवित्र स्थान माना जाता है। स्थानीय निवासियों की दृढ़ आस्था है कि इस पुष्करिणी का जल पीने और इसमें स्नान करने से सभी प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं तथा जीवन में शुभता का आगमन होता है। इस तेजस्वी पुष्करिणी का संबंध समीप स्थित प्रसिद्ध श्री जानकी रघुनाथस्वामी मंदिर से है।

करोड़पति के सपने और रोगमुक्ति से जुड़ा इतिहास

इस पुष्करिणी के निर्माण के पीछे एक दिलचस्प इतिहास जुड़ा है। प्राचीन समय में कुष्ठ रोग से पीड़ित एक धनवान व्यक्ति इस क्षेत्र में आए और अंजीर के पेड़ के नीचे विश्राम करने लगे। रात में भगवान रघुनाथ स्वामी ने उनके स्वप्न में दर्शन देकर बताया कि पास के छोटे से तालाब में स्नान करने से उनका रोग ठीक हो जाएगा। करोड़पति ने पूर्ण विश्वास के साथ स्नान किया और वे पूरी तरह रोगमुक्त हो गए। इसके आभार स्वरूप उन्होंने इस विशाल और सुंदर पुष्करिणी का निर्माण करवाया। यह मंदिर सदाशिवपेट शहर के बसने से भी पुराना बताया जाता है, जहां योगी जानकी रघुनाथ स्वामी ने तपस्या की थी।

मजदूरों को मिले दुर्लभ सोने के सिक्के, नहीं डोला ईमान

बेंगलुरू। कर्नाटक के बेलगाम (बेलगावी) जिले से ईमानदारी और ऐतिहासिक खोज की एक बेहद सराहनीय खबर सामने आई है। जिले के सवादत्ती तालुका स्थित इंचाल गांव में बीसीएम हॉस्टल के पास काम कर रहे निर्माण मजदूरों को जमीन के अंदर से 14 दुर्लभ सोने के सिक्के मिले। लाखों रुपए की कीमत और ऐतिहासिक महत्व वाले सिक्के मिलने के बावजूद मजदूरों ने कोई लालच नहीं दिखाया और तत्काल स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना देकर सभी सिक्के अधिकारियों के हवाले कर दिए। बरामद किए गए 14 सोने के सिक्कों का कुल वजन 54.8 ग्राम है, जिसकी वर्तमान बाजार दर के हिसाब से अनुमानित कीमत लगभग 8.27 लाख रुपए बताई जा रही है। सिक्के मिलने के तुरंत बाद पंचायत विकास अधिकारी और तालुका पंचायत के कर्मचारियों की मौजूदगी में मजदूरों ने ये सभी सिक्के सवादत्ती के तहसीलदार मल्लिकार्जुन हेगन्नवर को सौंप दिए।

भारत ही नहीं, दुनिया के लिए सिरदर्द बना यूकेलिप्टस

ब्रासीलिया। भारत में लंबे समय से पर्यावरण वैज्ञानिक यूकेलिप्टस के पेड़ उगाए जाने को लेकर चिंता जाहिर करते रहे हैं। अब दुनिया भर में यूकेलिप्टस लगाए जाने के पर्यावरणीय प्रभावों ने वैज्ञानिकों की चिंता और बढ़ा दी है। अफ्रीका से लेकर दक्षिण अमेरिका तक के देशों में कई दशकों तक यूकेलिप्टस के पेड़ों को बढ़ावा दिया, जिसके बाद यहां बड़े-बड़े बागान तैयार हो गए।

दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील का यूकेलिप्टस उद्योग का एक मकसद था- तेजी से पेड़ उगाना, लुगदी के लिए उन्हें काटना और ग्लोबल पेपर इंडस्ट्री के लिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाली सप्लाई बनाना। लेकिन, वैज्ञानिकों ने पाया है कि इसने भूजल के स्तर को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है।

उरुग्वे में 20 साल तक चले अध्ययन में इस असर का साफ डेटा मिलता है। यूकेलिप्टस और पाइन के पेड़ लगाने के 17 साल बाद घास के मैदान की तुलना में जंगल वाले वॉटरशेड में 35% पानी की कमी आई।

ड्राई फार्मिंग

जहां पानी की कमी है या सिंचाई का खर्च बहुत ज्यादा है, वहां ड्राई फार्मिंग खेती का एक उपयोगी विकल्प

न सिंचाई, न पानी की जरूरत फिर भी लहलहा रहे हैं खेत!

न्यूयार्क। हम अक्सर बाजार में टमाटर, आलू या दूसरी सब्जियों की बढ़ी हुई कीमत देखकर परेशान हो जाते हैं। लेकिन, इन सब्जियों को खेत से हमारी रसोई तक पहुंचाने के पीछे किसान की कितनी मेहनत होती है, इसका अंदाजा शायद ही हमें होता है। बदलते मौसम और पानी की कमी के बीच खेती करना आसान नहीं है। ऐसे में अमेरिका के एक किसान ने खेती का ऐसा तरीका अपनाया है, जो खासा दिलचस्प है। उन्होंने बिना सिंचाई के टमाटर, आलू, लहसुन और बीन्स जैसी फसलें उगाकर दिखा दी हैं। इस तरीके को ड्राई फार्मिंग कहा जाता है। अमेरिका के ऑरिगन राज्य में रहने वाले इस किसान के लिए ड्राई फार्मिंग कोई नया प्रयोग नहीं है। वह करीब 40 साल से इस तरीके से खेती कर रहे हैं।

पौधों के बीच रखी जाती है उचित दूरी

ऑरिगन यूनिवर्सिटी की 2014 में प्रकाशित एक स्टडी में भी उनके लंबे अनुभव का जिक्र किया गया था। इसके मुताबिक, 1974 से 2014 तक उन्होंने बिना सिंचाई के ऑर्गेनिक टमाटर, आलू, लहसुन और बीन्स जैसी कई फसलें उगाईं। ड्राई फार्मिंग में बीज बोने का तरीका भी काफी अहम है। बीजों को मिट्टी में इस तरह रखा जाता है कि वे जमीन की नमी के ज्यादा करीब रहें। पौधों के आसपास की मिट्टी को कुछ इंच तक ढीला रखा जाता है, ताकि जड़ों को फैलने की जगह मिले। पौधों के बीच उचित दूरी भी रखी जाती है, जिससे सीमित पानी और पोषक तत्वों के लिए उनके बीच ज्यादा प्रतिस्पर्धा न हो। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि ड्राई फार्मिंग हर जगह आसानी से की जा सकती है। फसल का चुनाव, मिट्टी, मौसम और बारिश का पैटर्न इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। तेज बारिश या ऊपर से लगातार पानी डालना इस सिस्टम को बिगाड़ सकता है। फिर भी, जहां पानी की कमी है या सिंचाई का खर्च बहुत ज्यादा है, वहां ड्राई फार्मिंग खेती का एक उपयोगी विकल्प जरूर बन सकती है।



मिट्टी का प्रकार भी रखता है काफी मायने

इस खेती में मिट्टी का प्रकार भी काफी मायने रखता है। किसान ने ऐसी चिकनी मिट्टी का इस्तेमाल किया, जो पानी को ज्यादा समय तक अपने भीतर रोककर रख सकती है। इसके अलावा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए दलहन जैसी फसलों को भी खेती का हिस्सा बनाया गया। किसान ने शुरुआत में ड्राई फार्मिंग कैलिफोर्निया में की थी। बाद में साल 2007 में वह ऑरिगन चले गए और करीब 9.6 एकड़ जमीन पर खेती शुरू की। यहां सबसे बड़ी चुनौती पानी की थी, क्योंकि सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने खेती जारी रखी और सफल भी रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com